आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 188 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, शनिवार, 12 जुलाई, 2025

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में प्रियजनों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

## प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बच्चों के भविष्य के लिए कार्य कर रही सरकार

**संवाददाता ● इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2047 तक भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनेगा और इसमें देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रदेश सरकार बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं। शासकीय स्कूलों में कक्षा 6 और 9 के विद्यार्थियों को लगभग 5 लाख साइकिलें वितरित की जा रही हैं। बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म तैयार करवाकर दी जाएंगी। सरकार ने शैक्षणिक-सत्र की शुरुआत से पहले ही बच्चों को किताबें बांटी हैं। अब पुण्योदय प्रकल्प के माध्यम से कॉपियां भी उपलब्ध करा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर




में हिंद रक्षक संगठन द्वारा पुण्योदय प्रकल्प के 21वें वर्ष के अवसर पर बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रियजनों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कॉपी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जरूरतमंद विद्यार्थियों को निः शुल्क कॉपी वितरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में बच्चों के सपने पूरे किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थी स्कूल में टॉप करेगा, राज्य सरकार उसे इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान करेगी। नीट पास करने वाले विद्यार्थियों के चिकित्सा शिक्षा की फीस में भी सरकार सहायता कर रही है। आगामी दो वर्ष में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 50 तक पहुंचेगी। सरकार द्वारा युवाओं के स्वावलंबन के लिए प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्व. श्री लक्ष्मण सिंह गौड़ का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत से उल्लेखनीय कार्य किये। विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपियां वितरण का कार्य भी उनकी पुण्य-स्मृति में ही है। इंदौर में प्रतिवर्ष रंगपंचमी मनाने का अपना अलग आनंद है, रंगपंचमी को यह भव्य स्वरूप प्रदान करने का श्रेय भी पूर्व मंत्री स्व. श्री लक्ष्मण सिंह गौड़ को ही जाता है।

कार्यक्रम के आयोजक 'हिंद रक्षक संगठन' के संयोजक श्री एकलव्य लक्ष्मण सिंह गौड़ ने 'पुण्योदय प्रकल्प' के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ष 2003 से इंदौर शहर के लगभग 300 समाजसेवी परिवार मिलकर प्रति वर्ष साढ़े तीन लाख से अधिक कॉपियां विद्यार्थियों को प्रति कॉपी मात्र एक रुपए के सांकेतिक शुल्क पर वितरित करते हैं। विद्यार्थियों को कॉपी वितरण का कार्य प्रतिवर्ष 11 जुलाई से 11 अगस्त तक जारी रहता है। उन्होंने इस कार्य में भागीदारी करने वाले सभी परिवारों के प्रति आभार प्रकट किया।

### इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित किया

## मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव में मिले 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है और यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। रियल एस्टेट के विकास में ही देश का विकास अंतर्निहित है। हम इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी बड़े शहरों में इसी तरह की ग्रोथ कॉन्क्लेव करके और सबको घर मुहैया कराकर नागरिकों के जीवन में खुशहाली लायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर देश की जीडीपी में अब 8.5 प्रतिशत तक योगदान दे रहा है, जो कभी मात्र 3 प्रतिशत हुआ करता था। उन्होंने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी। उन्होंने घोषणा की है कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी।

प्रदेश के समग्र शहरी विकास और रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और शहरी एवं औद्योगिक विकास को नई ऊचाईयां प्राप्त होंगी। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के लिये 12 हजार 360 करोड़ रुपये की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिये 5 हजार 454 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा, ग्रीन फील्ड हाईवे, टाउनशिप और स्मार्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा दिया जायेगा।

कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करोड़ रुपये का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करोड़ रूपये, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करोड़ रुपये, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करोड़ रूपये, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करोड़ रूपये तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिये एक हजार 320 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेक्स्ट होराइजन : बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश के शहरों को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुलभ, स्विफ्ट और सुरक्षित परिवहन, किसी भी आधुनिक शहर की रीढ़ होते हैं। भविष्य की ट्रांसपोर्टेशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित किए जा रहे हैं। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर शहरों में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 582 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रदेश के शहरों के सर्वांगीण विकास के लिये 12 हजार 500 करोड़ रुपये की सौगातें प्रदान की। मुख्य रूप से इंदौर शहर के लिए अमृत 2.0 अंतर्गत जलप्रदाय एवं सीवरेज योजना हेतु 2,382.03 करोड़ रुपये की सौगात दी गई। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उपयोगित जलप्रदाय प्रबंधन और अधोसंरचना विकास हेतु 257 परियोजनाओं के लिए 3,562.27 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत 45,503 हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 19,541 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कुल 65,044 हितग्राहियों को 2,799.26 करोड़ रूपये की राशि अंतरण की गई।

शहरी प्रशासन के विविध घटकों को टेक्नॉलॉजी के माध्यम से इंटीग्रेट करके अधिक कार्यकुशल बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन और भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N) के बीच महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। नगरीय विकास विभाग के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शहरी विकास कंपनी और हाउसिंग और शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुड़को) के मध्य समझौता निष्पादन हुआ। मध्यप्रदेश शासन और IIM इंदौर के बीच सिंहस्थ 2028 की कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए एमओयू किया गया है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से की रूबरू चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों से चर्चा की और निवेश की संभावनाओं पर व्यापक रुप से विचार-विमर्श किया। डॉ. यादव ने मुख्य रुप से हुडको के अध्यक्ष श्री संजय कुलश्रेष्ठ , पटेल इंफ्रा के श्री अरविंद विदुलभाई पटेल, आईटीसी के श्री आशीष पाल, एमकेसी इंफ्रा के श्री केतन पटेल, ओमेक्स ग्रुप के श्री मोहित गोयल, मेडुला सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के श्री शांतनु शर्मा, राठी स्टील लिमिटेड के श्री ध्रुव राठी, मध्यप्रदेश होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के श्री सुमित सूरी, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की सुश्री प्रीति पटेल, डापलमायर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रफुल्ल चौधरी, साई ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के श्री रितेश दास से रु-ब-रु होकर चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ ही मेट्रो से लेकर मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट, झील संरक्षण से लेकर स्मार्ट कमाण्ड सेंटर तक हर क्षेत्र में तेज गति और व्यापक पैमाने पर कार्य शुरु किये गये हैं यह एक शुरुआत है। इसे आगे भी सबके सहयोग से तेज गति से जारी रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि हुकुमचंद मिल क्षेत्र के पुर्नविकास को गति देकर पूरा किया जायेगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में आगामी 25 वर्षों की जरुरतों और इन्फास्टक्चर को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मिक्स्ड लैंड यूज और ईटीसी मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के दिशा में ठोस प्रयास किये जा रहे है। इंदौर शहर में देश में अपने कामों की वजह से विशिष्ट पहचान बनाई है। इंदौर स्वच्छता के मामले में पिछले 7 वर्षों से पहले स्थान पर है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमेशा कहते है कि शहर विकास तो करें लेकिन आर्थिक ग्रोथ सेंटर भी बनाये। उनकी सोच को लेकर मध्यप्रदेश आगे बढ रहा है। उज्जैन में श्री महाकाल लोक बन जाने के बाद वहां की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है। अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे ने मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में आज हुई गतिविधियों की जानकारी दी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे 26वीं किश्त

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सिलेंडर उज्जवला की राशि भी करेंगे अंतरित

**संवाददाता ● भोपाल**


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 12 जुलाई को ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के कालिदास अकादमी में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ का वितरण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।

## वन नेशन-वन इलेक्शन बिल संविधान के खिलाफ नहीं : चंद्रचूड़

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए 129वें संशोधन बिल पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की संसद भवन में शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जगदीश सिंह



खेहर ने संसदीय पैनल के सामने अपने सुझाव रखे।

पूर्व CJI चंद्रचूड़ ने कहा कि एक साथ लोकसभा-विधानसभा चुनाव कराने के प्रस्ताव को लागू करने वाला बिल संविधान के मूल ढांचे को प्रभावित नहीं करता। उन्होंने कहा कि बिल में चुनाव आयोग (EC) की शक्तियों से संबंधित कुछ प्रावधानों पर बहस करने की जरूरत है। पूर्व CJI ने कहा कि बिल के प्रावधानों को लागू करने के लिए विधानसभा के कार्यकाल में किसी भी बदलाव का फैसला संसद को करना चाहिए, चुनाव आयोग को नहीं। जिन मामलों को टालना है, उन्हें संसद की मंजूरी से किया जा सकता है। वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पर चर्चा करने और सुझाव लेने के लिए भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी की अध्यक्षता में 39 सदस्यीय JPC बनाई गई है। JPC का काम बिल पर व्यापक विचार-विमर्श करना, विभिन्न पक्षकारों और विशेषज्ञों से चर्चा करना और अपनी सिफारिशें सरकार को देना है। JPC की यह 5वीं बैठक थी। इसमें कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, संबित पात्रा समेत JPC के अन्य सदस्य शामिल हुए। कई विपक्षी दल इस बिल के प्रावधानों का विरोध कर रहे हैं।एक विपक्षी सांसद ने बैठक के बाद कहा कि यह विधेयक चुनाव सुधारों का विकल्प नहीं हो सकता।

## राहुल गांधी बोले-महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश

### इलेक्शन कमीशन भाजपा का काम कर रहा

**एजेंसी ● भुवनेश्वर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा में कहा- महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने नई साजिश शुरू की



है। वह भाजपा के हिस्से का काम कर रहा है। अपना काम नहीं कर रहा है।

राहुल ने आगे कहा- महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा के बीच में 1 करोड़ नए वोटर आ गए। आज तक पता नहीं चल पाया कि ये वोटर्स कहां से आए। हमने इलेक्शन कमीशन से कई बार कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट, वीडियोग्राफी दीजिए। उन्होंने नहीं दिया। हम इलेक्शन कमीशन और भाजपा को बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने देंगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली 'संविधान बचाओ समावेश' सभा को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल भी उनके साथ मौजूद रहे।

### भाजपा ने टी.राजा सिंह का इस्तीफा किया स्वीकार

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना के गोशामहल से अपने विधायक टी राजा सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने आरोपों को अप्रासंगिक बताते हुए खारिज कर दिया है। भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष के रूप में एन रामचंदर राव की संभावित नियुक्ति से नाराज सिंह ने 30 जून को प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी को पत्र लिखा था। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि नड्डा के निर्देशानुसार राजा सिंह का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है।

### तहव्वुर राणा के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली**। एनआईए ने 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के खिलाफ एक अतिरिक्त आरोपपत्र पेश किया है। अदालत 13 अगस्त को पूरक आरोपपत्र पर विचार करेगी। राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ा दी गई। 15 जुलाई को राणा द्वारा अपने परिवार से फोन पर बात करने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई करेगी।

## NSA डोभाल बोले : एक फोटो दिखाएं जिसमें भारत का नुकसान नजर आए

**एजेंसी ● चेन्नई**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित डोभाल ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा कि कई विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाए। भारत को नुकसान की खबरें चलाईं।

उन्होंने कहा कि विदेश मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। डोभाल ने यह बात शुक्रवार को IIT मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कही। वे कहते रहे कि पाकिस्तान ने ये किया, वो किया लेकिन मुझे एक फोटो दिखाइए जिसमें भारत का नुकसान नजर आए। यहां तक कि एक



शीशा भी टूटा हो। हमसे कोई चूक नहीं हुई। हम उस पॉइंट तक सटीक थे जहां हमें पता था कि कौन कहां है।

NSA ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पर हमें नाज डोभाल ने कहा, 'टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।'

उन्होंने कहा, आप एक ऐसे देश, एक ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार सालों से संकटग्रस्त और लहूलुहान रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है। मुझे नहीं पता कि राष्ट्र की इस धारणा को जिंदा रखने के लिए उन्होंने कितना अपमान और तकलीफ सही होगी। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत एक राष्ट्र के रूप में हजारों सालों से अस्तित्व में है।'

जनहित याचिका में सीबीआई जांच की मांग की थी

# हनी ट्रेप मामले में पूर्व सीएम कमल नाथ को क्लीनचिट

संवाददाता | इंदौर



हनी ट्रेप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ को हाईकोर्ट से क्लीनचिट मिल गई। 2023 में दायर इस याचिका पर गुरुवार (10 जुलाई) को सुनवाई हुई। कोर्ट ने उनके खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डबल बेंच उनके पास भाजपा नेताओं की पैन ड्राइव होने के बयान के सबूत नहीं होने के चलते ये याचिका खारिज की है।

यह जनहित याचिका दायर एडवोकेट भूपेंद्र सिंह ने 2023 में दायर की थी। इसमें पूर्व सीएम कमल नाथ पर आरोप था कि उन्होंने बयान दिया था कि उन्होंने हनी ट्रेप की वीडियो देखी है और उनके पास भाजपा नेताओं की पैन ड्राइव मौजूद हैं। लेकिन उन्होंने इस मामले की एजेंसी एसआईटी को नहीं सौंपी थी। उनके पास सबूत हैं लेकिन वे सच्चाई को छिपा रहे हैं। याचिका में पुलिस, एसआईटी के साथ नाथ और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह को पार्टी बनाया था।

### मीडिया रिपोर्ट के आधार पर आरोप लगाना गलत माना

कोर्ट ने सिंह के एडवोकेट से इस बयान के तथ्यों को लेकर जानकारी मांगी थी। कोर्ट को बताया गया था इस बयान के वीडियो कई मीडिया चैनल चले हैं। ऐसी खबरें भी प्रकाशित हुईं। कोर्ट ने उनके बयान की सीडी कोर्ट में पेश नहीं करने को लेकर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस तरह से आरोप लगाने को गलत माना। कोर्ट ने कहा कि याचिका में आरोप लगाए गए लेकिन उसके साक्ष्य कोर्ट में नहीं रखे। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

**हनी ट्रैप केस में आठ आरोपी, 6 महिलाएं-** 17 सितंबर 2019 में हनी ट्रैप मामला सामने आया था। नगर निगम इंदौर के तत्कालीन चीफ इंजीनियर हरभजन सिंह को कुछ युवतियों ने अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल किया था। 3 करोड़ रुपए की मांग की गई थी, इसकी पलासिया पुलिस थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने 6 महिलाओं समेत आठ को आरोपी बनाया। आरती, मोनिका, श्वेता (पति विजय), श्वेता (पति स्वप्निल), बरखा को गिरफ्तार कर कोर्ट ने जेल भेज दिया था। इनके अलावा गाड़ी ड्राइवर ओमप्रकाश कोरी को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में सभी की जमानत हो गई थी।

इस केस में अभिषेक ठाकुर, रूपा भी आरोपी हैं। सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में कई खुलासे हुए थे। उसके अनुसार, भोपाल की आरती पति पंकज दयाल ने 18 वर्षीय बीएससी छात्रा मोनिका से दोस्ती करवाई। फिर इंदौर के एक होटल में आरती ने मोबाइल से दोनों का वीडियो बनाया। उसके बाद ब्लैकमेल का खेल शुरू हुआ, जो आठ माह चला। इसमें तीन बार वे पैसे दे चुके थे, वहीं 50 लाख रुपए लेने आरती और मोनिका जब इंदौर आई तो उन्हें पकड़ लिया गया।

## अगले दो दिनों में बनेगा बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम



इंदौर। अभी तेज बारिश के लिए दो-तीन दिन का समय और लगेगा। दरअसल अगले 2 दिन में सिस्टम और भी स्ट्रॉन्ग होगा। इससे इंदौर और अन्य संभागों में तेज बारिश का दौर चलेगा। इस बार जुलाई के 10 दिन बारिश का रुख बहुत कमजोर रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने आज कहीं-कहीं रिमझिम के आसार जताए हैं। हालांकि अभी 20 दिन बाकी हैं। ऐसे में अगर तेज बारिश का दौर रहा तो फिर काफी राहत मिल सकती है। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में कुछ खास अंतर नहीं आया और 29.5 (-1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान भी लगभग उतना ही 23.6 (+1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अभी दिन का तापमान सामान्य से डिग्री कम और रात का तापमान सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। पिछले एक हफ्ते से उमस भी काफी कम हो गई है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक प्रदेश में तीन टर्फ का असर है। वहीं, लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी भी सामने आई है। इसके चलते बारिश का दौर बना हुआ है।

रजिस्ट्रार शर्मा के खिलाफ शिकायत, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

## रजिस्ट्री की सर्टिफाइड कॉपी के नाम पर मांगे 10 लाख

संवाददाता | इंदौर

13 करोड़ से ज्यादा की स्टाम्प ड्यूटी चोरी का मामला सामने आने के बाद भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित ने रजिस्ट्रार की नामजद शिकायत करते हुए 10 लाख रुपए मांगने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता अंकित पिता सुरेंद्र यादव ने इस मामले में कलेक्टर से इस मामले की शिकायत की है। शर्मा के खिलाफ अब तक चार शिकायतें मिल चुकी हैं। अंकित यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे पिता के निधन के बाद कुछ लोगों ने षड्यंत्रपूर्वक दो प्लॉट उनसे खरीदना बता दिए। मैंने इस मामले की शिकायत बाणगंगा थाने में की। संतोष पिता तुकाराम गावड़े की पत्नी सरस्वती गावड़े ने मेरे प्लॉट की रजिस्ट्री दूसरे लोगों को कर दी। मैंने जब दो प्लॉट की सर्टिफाइड कॉपी के लिए इंदौर-1 के रजिस्ट्रार ऑफिस में शिकायत की तो एक महीने तक मुझे कोई जवाब नहीं दिया गया। मैं जब रजिस्ट्रार कार्यालय गया तो मुझे वहां के बाबू प्रदीप निगम ने रजिस्ट्रार दीपक शर्मा से मिलने को कहा। दीपक शर्मा से मिलने पर उन्होंने बताया कि आपके प्रकरण की जांच चल रही है। मैंने पूछा किस बात की जांच तो रजिस्ट्रार दीपक शर्मा ने कहा कि जांच के दौरान सर्टिफाइड कॉपी नहीं दी जा सकती।





फिर मुझे दो-तीन दिन बाद आने को कहा गया। तब मुझे शर्मा ने कैलकुलेटर में 10 लाख रुपए लिखकर दिए और कहा कि इतना पैसा दे दोगे तो अगले ही दिन सर्टिफाइड कॉपी मिल जाएगी।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक शर्मा के बारे में कलेक्टर आशीष सिंह से कुछ लोगों ने शिकायत की थी। कलेक्टर ने इसकी जांच मुझे सौंपी है। नायडू ने कहा कि जांच शुरू कर दी है। इसके तहत रिकॉर्ड रूम से तथ्य जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपेंगे। जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि अब तक चार शिकायतें और मिली हैं। पीड़ितों ने शर्मा के द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत की है। हम इन सभी को क्लब करके जांच करेंगे। इतना ही नहीं जिन लोगों के पास शिकायतें हैं, वे भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि अब तक चार शिकायतें और मिली हैं। पीड़ितों ने शर्मा के द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत की है। हम इन सभी को क्लब करके जांच करेंगे। इतना ही नहीं जिन लोगों के पास शिकायतें हैं, वे भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 17 जून को शर्मा का देवास ट्रांसफर, इसके बाद आई शिकायतें

रजिस्ट्रार दीपक शर्मा का इंदौर से 17 जून को देवास ट्रांसफर हो चुका है। उनके खिलाफ ट्रांसफर के बाद ही शिकायतें आई हैं। इन शिकायतों में सबसे पहले अंकित यादव, राहुल चौहान, अमित सिंह ठाकुर, शिकायतें कर चुके हैं। नायडू का कहना है कि यदि हमें और भी शिकायतें मिलती हैं तो हम सभी की एक साथ जांच करेंगे।

टीचर से पति ने की मारपीट, केस दर्ज

## 7 साल के बेटे को जबरन ले जाने की कोशिश, कोर्ट में तलाक का मामला

संवाददाता | इंदौर

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में रहने वाली शिक्षिका श्वेता की शिकायत पर उनके पति मयूर के खिलाफ बेटे को जबरन साथ ले जाने और मारपीट करने का केस दर्ज किया गया है। श्वेता का आरोप है कि पति से तलाक का केस चल रहा है, इसके बावजूद वह जबरन बेटे को अपने पास रखने की कोशिश कर रहा है। श्वेता ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी मुंबई में हुई थी।

साल 2022 से वे अपने पति से होकर इंदौर स्थित मायके में रह रही हैं। फरवरी 2024 में मयूर भी मुंबई से इंदौर आ गया और पहले कुछ समय तक वहीं रहा, लेकिन बाद में अलग रहने लगा। इसी दौरान दोनों के बीच कई बार विवाद हुए। शिकायत के मुताबिक, 16 जून की सुबह जब श्वेता अपने 7 वर्षीय बेटे को स्कूल छोड़ने जा रही थीं, तभी मयूर अचानक स्कूटर से पहुंचा और सड़क पर झगड़ा शुरू कर दिया। उसने बेटे को जबरदस्ती साथ ले जाने की कोशिश की और विरोध करने पर मारपीट भी की।

मामला पारिवारिक होने के कारण श्वेता ने तत्काल पुलिस में शिकायत नहीं की। इसके बाद 11 जुलाई को फिर एक विवाद हुआ। श्वेता के पिता नवीन अपने नाती को स्कूल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में मयूर ने उन्हें रोका और बच्चे को अपने हवाले करने का दबाव बनाया। जब नवीन ने इनकार किया, तो मयूर ने उनके साथ भी मारपीट की और धमकी दी कि वह बेटे को लेकर ही वापस जाएगा। इस घटना से बच्चा बुरी तरह डर गया। इसके बाद श्वेता ने अन्नपूर्णा थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मयूर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पीछा करता था युवक, शिकायत भी की थी

## नाबालिग छात्रा ने स्कूल से लौटने के बाद लगाई फांसी

संवाददाता | इंदौर

भंवरकुआ क्षेत्र की एक 14 साल की छात्रा ने गुरुवार शाम अपने घर के ऊपरी कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 8वीं कक्षा में पढ़ती थी और दोपहर में स्कूल से लौटने के बाद अपनी बड़ी बहनों के साथ बाहर गई थी। शाम को वह ऊपर कमरे में चली गई। जब देर तक नीचे नहीं आई तो उसकी बहन उसे देखने गई, जहां वह फंदे पर लटकी मिली। परिजन उसे फौरन आरके हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के रिश्तेदार गोपी ने बताया कि गली में रहने वाला एक युवक स्कूल आते-जाते उसे परेशान करता था। वह कई बार घर के आसपास भी घूमता रहता था। तीन महीने पहले परिजनों ने भंवरकुआ थाने में महिला पुलिस अधिकारी को इसकी लिखित शिकायत भी दी थी। उस समय पुलिस ने युवक को समझाइश दी थी, लेकिन इसके बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परिजनों का कहना है कि बच्ची इस वजह से काफी तनाव में थी। शायद इसी कारण उसने यह कदम उठाया।

### न कोई सुसाइड नोट मिला, न मोबाइल में कुछ संदिग्ध

पुलिस के मुताबिक, छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसका मोबाइल जब्त कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल उसमें कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। छात्रा के माता-पिता रसोई का काम करते हैं और घटना के समय घर पर नहीं थे।

मुंबई की महिला से शादी में दोस्ती

## रतलाम के युवक ने इंदौर में किया रेप, केस दर्ज

संवाददाता | इंदौर

भंवरकुआ इलाके की एक होटल में मुंबई की महिला के साथ रतलाम के युवक ने रेप किया। आरोपी ने शादी का झांसा दिया और साथ में रखा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी पर गुरुवार को केस दर्ज किया है।

भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर मुकेश पुत्र कचरूलाल पंचोला निवासी रतलाम के खिलाफ रेप के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस को पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 2015 में मुंबई में हुई। चार साल पहले उसकी सहेली की शादी थी। जिसमें मुकेश से मुलाकात हुई। यहां मुकेश ने मोबाइल नंबर लिया। दोनों में बातचीत हुई।

तब मुकेश ने कहा कि वह अपने पति से तलाक ले। इसके बाद वह शादी कर लेगा। 2024 में मुकेश के कहने पर पति से तलाक ले लिया। इसके बाद मुकेश के साथ लिवइन में रहने लगी। जनवरी में न्यू ईयर के बहाने मुकेश भंवरकुआ की एक होटल में लेकर आया। जल्द शादी करने का वादा किया। इसके बाद उसने गलत काम किया। मुकेश जनवरी माह से अब तक कई बार गलत काम कर चुका है।

10 जून को मुकेश से कहा कि अब काफी समय हो गया है। शादी कर लेना चाहिए तो उसने विवाद किया और छोड़कर चला गया। इसके बाद उसने कहा कि अगर शादी की बात की तो वह फोटो वायरल कर देगा। बाद में 12 जून को तेजाजी नगर इलाके में मुकेश घर पहुंचा और पीड़िता के भाई को धमकाया। यहां पीड़िता ने शादी की बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता उसे समझाती रही। लेकिन आरोपी के नही मानने पर थाने आकर केस दर्ज कराया।

शादी के दिन व्यापारी के घर चोरी

## पहले 20 हजार, फिर अगले दिन 3 लाख पर किया हाथ साफ, नौकरानी से पूछताछ

संवाददाता | इंदौर

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित उषानगर में एक व्यापारी के घर उस वक्त चोरी हो गई जब परिवार शादी समारोह में व्यस्त था। घर से कुल 3 लाख 20 हजार रुपए चोरी हो गए। संदेह के आधार पर घर में काम करने वाली नौकरानी से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, उषानगर निवासी उमेश सिंघानिया पेशे से व्यापारी हैं। उनके घर 6 जुलाई को शादी समारोह का आयोजन था। इसी दौरान घर में रखे गए 3 लाख 20 हजार रुपए चोरी हो गए। पहले 6 जुलाई को बैग से 20 हजार रुपए गायब हुए, जिसे परिवार के सदस्य आपसी सर्च में देख रहे थे। लेकिन 7 जुलाई की सुबह जब दोबारा जांच की गई, तो पूरे 3 लाख रुपए भी गायब मिले। परिवार ने पहले दो दिन तक घर में निजी स्तर पर पूछताछ की, खासकर संगीता नामक नौकरानी से, जो नियमित रूप से घर में काम करती है और उसी कमरे में कार्यरत थी, जहां रुपए रखे गए थे। लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर व्यापारी उमेश सिंघानिया ने गुरुवार को अन्नपूर्णा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

अगस्त महीने में हो सकता है लॉन्च

## यूनिवर्सिटी तय समय में दूर करेगी स्टूडेंट्स की समस्याएं

संवाददाता | इंदौर

स्टूडेंट्स की समस्या के निराकरण को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय जल्द ही एक ऐप लॉन्च करने वाला है। इसकी तैयारी की जा रही है। संभवत अगस्त माह में नए सेशन के साथ इसकी शुरुआत हो जाएगी। इसके पहले 15 दिन का ट्रायल किया जाएगा, ताकि ऐप में आने वाली दिक्कतों को दूर किया जा सके, जिससे स्टूडेंट्स को ऐप का इस्तेमाल करने में कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।

हालांकि इस ऐप का नाम क्या होगा यह अभी तय नहीं हुआ है। ये ऐप एंड्राइड और आईओएस दोनों के लिए होगा। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. विष्णुनारायण मिश्रा ने बताया कि यूनिवर्सिटी लेवल पर ऐप डेवलप किया जा रहा है। इसमें स्टूडेंट्स की जितनी भी समस्याएं आएगी उसे दूर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स जैसे ही एडमिशन लेता है उसके बाद वह इस ऐप का इस्तेमाल कर सकेगा। अगर उसे होस्टल में कोई परेशानी है। हॉस्टल नहीं मिल रहा है। क्लास में कोई समस्या आ रही है। बुक्स अबेलेवल नहीं हो रही है। एग्जाम में कोई समस्या हो गई। कॉपी चेकिंग में कोई समस्या है। मार्कशीट समय से नहीं बन रही है, डिग्री नहीं बन रही है। मार्कशीट या डिग्री में कोई करेक्शन कराना है। इस तरह की जितनी भी समस्या आती है, स्टूडेंट्स को उसे दूर करने के लिए ये ऐप तैयार कराया जा रहा है। फिलहाल ऐप का नाम तय नहीं हुआ है। विचार विमर्श चल रहा है। ऐप बनाना का प्रोसेस चल रहा है। आगामी सेशन के पहले इसे लॉन्च करने की तैयारी हैं।



### अलग-अलग समस्याओं को इसमें जोड़ा जाएगा

असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने बताया कि इस ऐप में अलग-अलग समस्याओं को रखा जाएगा। इसमें वो समस्याएं शामिल की जाएगी, जो अक्सर स्टूडेंट्स को फेस करना पड़ती है। हम समस्या के हिसाब से उसकी टाइम बाउंडेशन भी देंगे। ताकि समय पर स्टूडेंट्स की समस्या का निराकरण हो सके और उसे कोई परेशानी न हो।

### क्रिप्स से बनवाया जा रहा ऐप

उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन के क्रिप्स द्वारा इस ऐप को बनवाया जा रहा है। ये गवर्नमेंट का है। जिसके माध्यम से ये ऐप तैयार होगा। ऐप को लेकर बहुत सारा काम हो चुका है। हमें उम्मीद है कि अगस्त मीड तक हम इस ऐप का लॉन्च कर पाएंगे। अगले हफ्ते से इंटरनल ऐप का ट्रायल रन किया जाएगा। इसमें जो समस्याएं आएगी उसे दूर किया जाएगा। इसके बाद इसे स्टूडेंट्स के लिए लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एडमिशन लेने के बाद इनरोलमेंट नंबर से वे ऐप लॉगिन कर सकेंगे।

## फर्नीचर व्यापारी के घर में लाखों की चोरी

**इंदौर**। चंदन नगर थाना क्षेत्र के नूरानी नगर में गुरुवार रात एक फर्नीचर व्यापारी के घर चोरी हो गई। व्यापारी अजीज खान अपने परिवार के साथ पास की मस्जिद में गए हुए थे। इसी दौरान एक बाइक सवार चोर घर में घुसा और लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, अजीज खान अपने परिवार के साथ मस्जिद गए थे। रात करीब 11:30 बजे एक युवक बाइक से पहुंचा और घर के लोहे के गेट से कूदकर अंदर दाखिल हो गया। चोर ने घर में घुसकर नकदी और कीमती सामान समेत करीब 10 से 12 लाख रुपए का माल चोरी कर लिया। घटना के बाद अजीज खान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही, घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। व्यापारी अजीज ने बताया कि उन्होंने चोर को पकड़वाने के लिए सोशल मीडिया पर सीसीटीवी वीडियो भी शेयर किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

खनिज अफसरों ने मिलीभगत से नाबालिग को ही खनिज का पट्टा दे दिया, फिर पट्टा गलत तरिके से बेच दिया, उसका भी नवीनकरण कर दिया

हाई कोर्ट के आदेश पर

# पूर्व खनिज अफसरों के साथ पूरे स्टॉफ के खिलाफ एफआईआर

संवाददाता | इंदौर

खनिज के लिए लीज के आवंटन और बाद में लीज नवीनकरण में मिलीभगत के गंभीर मामले में हाई कोर्ट इंदौर के आदेश पर लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने खनिज विभाग इंदौर के विभिन्न वर्षो में पदस्थ रहे तत्कालीन अफसरों और मिली भगत से जुड़े विभाग के लिपिकीय कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। खनिज की लीज लेने वाले ने अपने आठ वर्षीय पुत्र की उम्र छिपाकर उसे 18 वर्षीय व्यस्क बताकर लीज का आवेदन दिया और खनिज विभाग के अफसरों ने मिलीभगत से नाबालिग के दस्तावेज की अनदेखी कर 10 साल के लिए लीज का पट्टा दे दिया। फिर 10 साल बाद लीज के पट्टे का रिन्यु भी कर दिया। यही नहीं उसके 10 साल बाद पट्टाधारी ने लीज का पट्टा अन्य को बेच दिया। अपराध की हद तो तब हो गई जब खनिज विभाग के अफसरों ने वर्ष 2018 में लीज का खरीददार के नाम पट्टा वर्ष 2028 तक के लिए रिन्यु कर दिया। अपराध का रहस्य उस समय उजागर हुआ जब एक अन्य लीज के पट्टाधारी को जिस जमीन की लीज मिली। बाद में मामला हाई कोर्ट पहुंचा।

इंदौर के लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सहाय ने बताया अपराध की शुरुआत लगभग 28 वर्ष पूर्व 27 अगस्त 1997 को हुई। उस दिन दीपककुमार पिता किशनलाल वर्मा निवासी जवाहर टेकरी धार रोड़ ने कलेक्टर इंदौर को आवेदन देकर 10 वर्ष की अवधि हेतु उत्खनन के लिए पट्टा देने का निवेदन किया। आवेदन ग्राम रावद (दीपाल्पुर) के सर्वे क्रमांक 33/1/4/3 के 9 एकड क्षेत्र हेतु किया गया था। आवेदन में आवेदक की उम्र 18 वर्ष लिखी गई थी जबकि शपथ पत्र में उम्र 18 वर्ष लिखी गई थी। संलग्न आधार कार्ड में जन्म वर्ष 1990 लिखा गया है। अर्थात उस समय आवेदक दीपक पिता किशनलाल वर्मा की उम्र 7 वर्ष ही थी। इसके उपरांत भी तत्कालीन खनिज अधिकारियों ने दीपक वर्मा के नाम से 10 साल का उत्खनन पट्टा जारी करवा दिया। बाद में वर्ष 2008 में 10 वर्ष हेतु पदटे का नवीनीकरण कलेक्टर के पत्र 28 अप्रैल 2008 से किया गया। इस दौरान भी तत्कालीन खनिज अधिकारी व कर्मचारियों ने दस्तावेज ठीक से नहीं जांचे जबकि शपथ पत्र में आवेदक दीपक वर्मा की उम्र 19 वर्ष बताई गई (जो वर्ष 1997 में आवेदन के समय 18 वर्ष बताई गई थी)। बाद में दीपक वर्मा ने

शमा खान पिता अब्दुल रहमान खान निवासी सागोर (धार) को लीज का पट्टा बेचकर लीज अधिकार सहित गिट्टी प्लांट पर निर्मित क्वार्टर्स, मशीनरीज, जनरेटर एवं अन्य उपकरणों के क्रय विक्रय का लेख 18 फरवरी 2017 को किया गया। इसके बाद दीपक वर्मा व शमा खान के बीच पॉवर ऑफ अटार्नी का स्टॉम्प पेपर पर कान्ट्रेक्ट हुआ तथा उक्त खदान से संबंधित अधिकार



### ऐसे खुला रहस्य

लोकायुक्त एसपी डॉ. सहाय के मुताबिक उसी जमीन से लगी हुई अन्य जमीन पर बद्रीलाल को लीज आवंटित हुई। बद्रीलाल के खनन पट्टे के क्षेत्र में पूर्व में दीपक वर्मा को आवंटित जमीन भी आ रही थी। इस पर उसने हाई कोर्ट की शरण ली। हाई कोर्ट इंदौर के 5 अप्रैल 2024 के निर्देश के पालन जांच के बाद अपर कलेक्टर इंदौर ने शमा खान को खनन से हटाकर वसूली के आदेश दिए। इस पर शमा खान ने भी हाई कोर्ट में रिट पिटीशन ने लगाई गई रिट पिटीशन लगाई। कोर्ट ने पाया कि दीपक वर्मा ने 18 फरवरी 2017 के अनुबंध के माध्यम से गलत तरीके से लीज शमा खान को विक्रय की। इसके लिए खनिज विभाग से कोई स्वीकृति नहीं ली गई। शमा खान ने दीपक वर्मा के नाम से आवेदन जमा किया तथा उसके आममुख्त्यार के रुप में शमा खान के नाम लीज का आवंटन वर्ष 2018 में पूर्णतः विधि विरुद्ध हुआ। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उक्त अवधि में पदस्थ रहे इंदौर के जिला खनिज अधिकारी एवं उनके लिपिकीय स्टॉफ, लीज धारक एवं लीज विकयकर्ता दीपक वर्मा, लीज खरीदार शमा खान एवं अन्य के विरुद्ध अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए। डॉ. सहाय ने बताया आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1985 की धारा 13 (1), 13(2) एवं भादवि की धारा 120-बी व 420 के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त वर्षो में पदस्थ रहे अफसरों की जानकारी निकलवाई जाकर उनके खिलाफ नामजद कार्रवाई की जाएगी।

दीपक वर्मा ने शमा खान के पक्ष में मुख्त्यारनामा 8 अगस्त 2017 को लेख किया। इन लेखों के बाद शमा खान ने 6 अप्रैल 2018 को खदान पट्टे के नवीनीकरण हेतु आवेदन किया जो दीपक वर्मा के स्थान पर आम मुख्त्यार की हैसियत से स्वयं ने किया तथा 19 जुलाई 2018 को पट्टा स्वीकृत भी हो गया जो पूर्णतः नियम विरुद्ध शमा खान के नाम से जारी किया गया। जबकि उक्त पट्टा अहस्तांतरणीय होकर पट्टे की शर्तों का उल्लघंन हुआ। इसमें मंजूर प्राधिकारी की बिना लिखित सहमति के खनन पट्टा दूसरे व्यक्ति के नाम पर नियम विरूद्ध अंतरित किया गया जो खनिज अधिकारी व अन्य संबंधित कर्मचारी व शमा खान द्वारा आपराधिक षडयंत्र कर खनन पट्टा अंतरित किया है।

मेडिकल ऑफिसर व कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ केस दर्ज

# वेतन निकालने के लिए रिश्वत मांगी

संवाददाता | इंदौर

लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, (बीएमओ) डॉ. राजवीर तोमर व ब्लाक कंप्यूटर ऑपरेटर (संविदा) राहुल कुमार गुप्ता के खिलाफ 35 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में अपराध दर्ज किया है। दोनों ने डाक्टर का बकाया वेतन निकालने के लिए रिश्वत मांगी थी। बाद में कम्प्यूटर ऑपरेटर रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया। लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय के मुताबिक दोनों आरोपी ठीकरी (बड़वानी) में पदस्थ हैं। दोनों को डॉ बलवीर सिंह वर्मा पिता श्री छिंगेलाल वर्मा, कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर, उप स्वास्थ्य केन्द्र कालापानी, ब्लॉक ठीकरी जिला बडवानी डॉ. बलवीरसिंह वर्मा निवासी स्कीम 54 विजय नगर इंदौर की शिकायत पर पकड़ा गया। फरियादी डॉ. वर्मा कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर उप स्वास्थ्य केन्द्र, कालापानी, ब्लॉक ठिकरी जिला बडवानी में पदस्थ है। फरियादी को हर माह 28,500 रुपए वेतन एवं 14,500 रुपए पीवीआई (परफार्मेंस बेस इंसेटिव) मिलता है। फरियादी की वर्ष 2024 के दो माह (दिसम्बर-जनवरी) एवं माह मार्च, अप्रैल, मई 2025 का वेतन लगभग 1,42,000 रुपए एवं पीवीआई के 10 माह का 1,45,000 रुपए सहित कुल 2,87,000 रुपए निकलना है।

## पुण्योदय प्रकल्प : स्कूली बच्चों को सीएम ने बांटी कॉपियां



सीएम मोहन यादव ने शुक्रवार को बॉस्केट बॉल काम्पेक्स में विद्यार्थियों के कॉपियां वितरित की। संस्था हिंद रक्षक के पूण्योदय प्रकल्प के इस आयोजन में क्षेत्र-4 की विधायक मालिनी गौड़ के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक उषा ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित मिश्रा आदि उपस्थित थे। सीएम ने बच्चों से बात भी की।

इंदौर कई बार अवार्ड ले चुका है, इसलिये स्वच्छता अवार्ड की पॉलिसी बदल रहे हैं

# प्रोगेसिव सरकार, प्रोगेसिव नेतृत्व है, आइये निवेश कीजिए : विजयवर्गीय

संवाददाता | इंदौर


नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कॉन्क्लेव में संबोधित करते हुए उद्योगपतियों-निवेशकों से आह्वान किया प्रोगेसिव सरकार है, प्रोगेसिव नेतृत्व है, आइये निवेश कीजिए। बैलगाड़ी, तांगा, टेम्पो, नगर सेवा, बस, मेट्रो एक लंबा सफर तय किया है इस शहर ने। हम जहां बैठे है ये जंगल था। हम यहां गुलाम डंडा खेला करते थे। ये शहर आज सेंट्रल इंडिया का खूबसूरत शहर हो गया। मुझे कहते हुए गर्व है कि एक, दो नहीं सात बार स्वच्छता में फर्स्ट आया। और आठवीं बार केंद्र सरकार सोच रही है कि इंदौर को ये अवॉर्ड दे या न दें। सरकार अपनी पॉलिसी बदल रही है।अब इंदौर के साथ एक ट्वीन सिटी बनाएंगे। अगर उसको आपने साफ कर दिया तब आपको देंगे। स्वच्छता इंदौर के संस्कार में हैं। हमनें पिछले साल 51 लाख पौधे जनभागीदारी से लगाए थे। जिसमें पूरा शहर उमड़ कर आया।इस बार भी इतने ही पौधे लगा रहे हैं।

समारोह में सीएम के देरी से पहुंचने पर कहा इसके लिए मैं दोषी हूं। 51 लाख के पौधा रोपण की आज सीएम के हाथों शुरुआत हुई है। किसी भी शहर का इतिहास देखें मालवा-निमाड़ का कॉटन मशहूर होने से तब यहां कॉटन कारोबार बैलगाड़ी से होता था । किसान के भोजन की व्यवस्था सेठ हुकमचंद करते थे। इस शहर में बहुत संभावना है। उज्जैन में महाकाल लोक निर्माण के बाद से ट्वंटी टाइम्स इकॉनामी में वृद्धि हुई है।मांडू ऐतिहासिक क्षेत्र है, खंडवा में दादा धूनीवाले का दरबार है। इंदौर का पर्यावरण बेहतर है।

तीन हजार कमरों वाली होटलें आ रही हैं। अभी ही यह हाल है कि कई बार होटलों में कमरे नहीं मिलते। पीएम कहते है इकॉनामी के साथ ग्रोथ सेंटर भी बनाइये। 2047 में भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं तो सोचे हम देश को क्या दे सकते हैं। मुझे कहते हुए गर्व है स्वच्छता में इंदौर नंबर वन है। हम इसे हर क्षेत्र में नंबर वन बनाना चाहते हैं।पहले यह कपड़ा मिलों वाला शहर था।

मेरे और सीएम के पिताजी भी मिल में काम करते थे। तेजी से विकास के बाद आज हर घर के सामने दो दो कारें खड़ी हैं। देश का हर होटल यहां आने को आतुर है। हम शहरों का एक यूनिक मास्टर प्लान ला रहे हैं। पच्चीस साल आगे का प्लान बना रहे है। जो अच्छे से अच्छा अर्बनाइजेशन होना चाहिए उन सुझावों को लागू करेंगे।जो कानून बनाए वो गीता रामायण नहीं है, जरूरत होने पर बदलाव भी करेंगे।

## ओमेक्स ग्रुप प्रदेश में पहली इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप बना रहा



ओमेक्स ग्रुप के एमडी मोहित गोयल ने कहा कि, एमपी हमारा फेवरेट स्टेट हैं। हम करीब 20 साल से यहां काम कर रहे हैं। खासकर इंदौर में। यहां हम 3 टाउनशिप बना चुके हैं। अगली टाउनशिप सुपर कॉरिडोर में प्लान है। जो इंट्रीग्रेटेड होगी। यह सरकार की नई स्कीम के तकत प्रदेश की पहली 450 एकड़ की इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप होगी। इंदौर के अलावा उज्जैन, रतलाम में भी नई प्लानिंग हैं। हमारा विजन अब प्रदेश के अन्य हिस्से सतना, रीवा, जबलपुर का है। जल्द ही जमीन की तलाश पूरी होने के बाद हम वहां भी प्रोजेक्ट्स शुरु करेंगे।

वन विभाग सहयोग नहीं कर रहा

# सीएम से विजयवर्गीय बोले- विदेश जाने से पहले वन विभाग को सहयोग का निर्देश देकर जाएं

संवाददाता | इंदौर

मप्र के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक बार फिर अपनी ही सरकार को घेर दिया। इस बार उनके निशाने पर वन विभाग था। नगर निगम द्वारा आयोजित पौधरोपण के एक कार्यक्रम में विजयवर्गीय ने कहा कि वन विभाग से हमें सहयोग नहीं मिल रहा है, पौधे समय पर नहीं मिल पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने मंच से बोलते हुए विजयवर्गीय ने आगे कहा कि अब तक हम 7 लाख पेड़ लगा चुके हैं। हमारा 51 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य है। लेकिन वन विभाग से उतना सहयोग नहीं मिल रहा जितना मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री जी से निवेदन करूंगा कि विदेश जाने से पहले वन विभाग वालों को निर्देश देकर जरूर जाएं। "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को एक वर्ष पूर्ण होने पर 12 जुलाई को रेवती रेंज पहाड़ी पर 20,000 पौधों का महा वृक्षारोपण किया जाएगा। पिछले साल इसी जगह 12 लाख पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस वर्ष भी अभियान में स्कूल, कॉलेज, स्वयंसेवी संस्थाएं, आरडब्ल्यूए, एवं औद्योगिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पहले भी मंच से परदेसीपुरा पुलिस चौकी को चेतावनी दी थी। उस वक्त कहा था कि 'तीन दिनों के अंदर नशे का कारोबार बंद होना चाहिए, नहीं तो चौथे दिन सख्त कदम उठाए जाएंगे। यदि किसी नेता का फोन नशा करने वाले या नशा बेचने वाले को छुड़ाने के लिए आता है, तो थाना प्रभारी सीधे मुझसे संपर्क करें। यहां तक कि अगर मंच पर बैठा कोई व्यक्ति भी इस अवैध धंधे में शामिल पाया जाता है, तो उसकी सिफारिश भी न मानी जाए।' दुनिया में कहीं नाइट कल्चर नहीं था, लेकिन हमारे यहां नाइट कल्चर (सराफा) था। मैं 67 साल का हूं और बचपन से देख रहा हूं सराफा के नाइट कल्चर में लोग परिवार सहित आते हैं और जमकर खाते हैं।'

### 15 अक्टूबर 2024 - नशे के तार राजस्थान से जुड़े

इंदौर में फ्लाई ओवर के लोकार्पण के दौरान उन्होंने सीएम डॉ. मोहन यादव से कहा था- 'इंदौर में नशे के कारोबार के तार राजस्थान के प्रतापगढ़ से जुड़े हैं। मुझे नाम भी पता है कि कौन लोग इस कारोबार के पीछे हैं। आप मुख्यमंत्री भी हैं और इंदौर के प्रभारी मंत्री भी हैं। नशे के कारोबार पर नकेल के लिए आपको भोपाल से भी निर्देश जारी करना होंगे। भोपाल के अधिकारियों के माध्यम से राजस्थान पुलिस से संपर्क कर बड़ी कार्रवाई करनी होगी। अब तक आपने सिर्फ चोरों को पकड़ा है। इस कारोबार के चोरों की मां को भी पकड़िए। नहीं तो ये लोग इंदौर के युवाओं को बर्बाद कर देंगे।'

प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए लागू

# स्नातक पाठ्यक्रम परीक्षा स्कीम में उच्च शिक्षा विभाग ने किए बदलाव

संवाददाता | इंदौर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत आने वाले स्नातक पाठ्यक्रम की परीक्षा स्कीम में उच्च शिक्षा विभाग ने बदलाव किए हैं। भले ही विषयों की संख्या कम नहीं हुई है, लेकिन मेजर-माइनर ग्रुप से विषय में बदलाव किया गया है। साथ ही फाउंडेशन ग्रुप से अलग कर योग और पर्यावरण विषय का नया ग्रुप रखा गया है।

विभाग ने यह परीक्षा स्कीम 2025-26 सत्र से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए लागू कर दी है। नई परीक्षा स्कीम आने से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक संस्थानों को अवगत करा दिया है। अधिकारियों के मुताबिक अब मुख्य और आंतरिक परीक्षा में न्यूनतम अंक निर्धारित कर दिए हैं, जिसमें 70 में से 23 अंक मुख्य और 30 में से 10 अंक आंतरिक में विद्यार्थियों को लाना अनिवार्य किया गया है।

नौ सब्जेक्ट की परीक्षा देना पड़ती थी- 2020-21 सत्र से स्नातक पाठ्यक्रम में एनईपी लागू की गई, जिसमें बीए, बीएससी, बीकाम सहित अन्य स्नातक पाठ्यक्रम को शामिल किया गया। उस दौरान वाणिज्य, कला और विज्ञान संकाय के विषयों की संख्या लगभग 108 रखी गई थी। छात्र-छात्राओं को 2 मेजर और 1 माइनर विषय चुनना होते थे। अंग्रेजी, हिन्दी, योग और पर्यावरण को मिलकर 4 विषयों का फाउंडेशन ग्रुप बनाया गया था। जबकि 1-1 वोकेशनल और इलेक्टिव विषय चुनना होता था। इन्हें मिलकर प्रत्येक विद्यार्थी को सालभर में नौ विषयों की परीक्षा देना पड़ती थी।

चार साल बाद अब उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक परीक्षा स्कीम में अध्यादेश 14 (1) के तहत बदलाव किया है, जिसमें 3 मेजर, 2 माइनर, फाउंडेशन (हिंदी-अंग्रेजी), वैल्यू एडेड (योग और पर्यावरण) और एक-एक इलेक्टिव व वोकेशनल विषय रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा स्कीम में बदलाव होने के बाद विद्यार्थियों को अपने संकाय से जुड़े तीन-तीन मुख्य यानी मेजर विषय चुनना होंगे, जो वाणिज्य, विज्ञान और कला संकाय से संबंधित होंगे।



### मुख्य परीक्षा में न्यूनतम अंक जरुरी

परीक्षा स्कीम के साथ ही विभाग ने न्यूनतम अंक प्राप्त करने का नियम भी बदल दिया है। इससे विद्यार्थियों की मुसीबतें बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञ प्रो. विमल शर्मा बताते हैं कि पहले जहां मुख्य परीक्षा में 70 नंबर का पेपर होता था, जिसमें न्यूनतम अंक की कोई बाध्यता नहीं रहती थी। 30 अंक का प्रोजेक्ट व आंतरिक परीक्षा रहती थी, जो कॉलेज स्तर पर करवाई जाती थी। दोनों को मिलकर विद्यार्थियों को 33 अंक प्राप्त करना होते थे। ऐसी स्थिति में उत्तीर्ण माना जाता था। मगर नए नियमों के आधार पर 70 नंबर वाले पेपर में विद्यार्थियों को 23 अंक लाना अनिवार्य है। उसके बाद ही उक्त विषयों में पास माना जाएगा। आंतरिक परीक्षा में 10 अंक अनिवार्य किए गए हैं। वे कहते हैं कि नए नियम से विद्यार्थियों को थोड़ी परेशानी होगी।

### कॉलेजों को देंगे प्रशिक्षण

उच्च शिक्षा विभाग ने एनईपी वाले स्नातक पाठ्यक्रम में परीक्षा स्कीम में नए नियम रखे हैं, जिसमें मेजर-माइनर और फाउंडेशन विषय में बदलाव किया गया है। नए नियमों के अंतर्गत स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई करवाई जाएगी। इस संबंध में कॉलेज के शिक्षकों और अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। - **डॉ. अशेष तिवारी,** परीक्षा नियंत्रक, डीएवीवी

## प्रेस फोटोग्राफर चंदू जैन का निधन



**इंदौर**। स्व. राजमल गांग के सुपुत्र, ज्योति कुमार के बड़े भाई, राहुल, जया (चित्रा), संगीता के पिताजी, वरिष्ठ प्रेस छायाकार चंद्रप्रकाश गांग ( चंदू जैन काका) का शुक्रवार को निधन हो गया। शवयात्रा उनके संगम नगर स्थित निवास से निकली एवं पंचकुइया मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार हुआ।

संपादकीय

## सुझाव पर अमल हो



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। आधार और राशन कार्ड को मान्य दस्तावेजों की लिस्ट से बाहर रखने के कारण बड़ी आबादी के सामने संकट खड़ा हो गया है। हमारे सहयोगी TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, केवल किशनगंज जिले में एक हफ्ते के भीतर निवास प्रमाण पत्र के लिए दो लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। कई जगह घर-घर जाकर Enumeration Forms बांट रहे कर्मियों ने लोगों से कहा है कि वे आधारकार्ड की कॉपी ही जमा करा दें। इस तरह के कंफ्यूजन से बेहतर है, आयोग बीच का रास्ता निकाले। शीर्ष अदालत ने Special Intensive Revision यानी SIR पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह बिल्कुल वाजिब है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में SIR को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह टाइमिंग भी है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और लोकतंत्र में सबसे अहम है लोक यानी जनता। लेकिन, चुनाव आयोग की मौजूदा प्रक्रिया में जनता को ही सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। यह रिवीजन जुड़ा है वोटर लिस्ट से, लेकिन मेसेज जा रहा है कि इससे नागरिकता तय होगी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से राहत मिलेगी कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं। यह मामला केवल बिहार तक सीमित रहने वाला नहीं है। दूसरे राज्यों में वोटर लिस्ट की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है।

# चुनाव आयोग का बिहार मॉडल

**बिहार में अभी 243 विधानसभा सीट पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।**



*– ललित गर्ग*

लेखक राजनीतिक विषयों पर लिखते हैं।




बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी का चुनाव आयोग और भाजपा पर हमलावर होना और साथ ही बिहार बंद के वहाने विपक्ष का एकजुट होना, कहीं न कहीं एनडीए सरकार की नींद उड़ाने का काम कर रहा है,अब इंडिया गठबंधन। दरअसल देखा जाए तो राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से साफ साफ कह दिया है कि आयोग का काम भाजपा का काम करने का नहीं है, बल्कि संविधान की रक्षा करने का है और आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल गाधी ने कहा- मैं चुनाव आयोग मैं आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों की वोट छीनने का तरीका है। बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के बुलाए बिहार बंद और चक्काजाम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पटना में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, पप्पू यादव समेत कई विपक्षी नेता शामिल रहे। इस मौके पर जहां विपक्ष ने अपनी एकजुटता दिखाई तो वहीं राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को घेरने का काम किया। राहुल ने साफ साफ चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा कि आयोग का काम भाजपा के लिए काम करना नहीं बल्कि संविधान के अनुसार चलने का है। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर बिहार बंद और चक्काजाम में राहुल गांधी ने शामिल होकर चुनाव आयोग और भाजपा को जमकर घेरा। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा ने चुनाव आयोग की सांठगांठ से चुनाव जीतने नहीं बल्कि चोर करने की कोशिश की और अब भाजपा उसी तर्ज पर बिहार का चुनाव भी चोरी करने की फिराक में है और हम ऐसा होने नहीं देंगे। मैं आपको साफ बताना चाहता हूं कि यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, लेकिन इनको पता नहीं है कि ये बिहार है और बिहार की जनता ऐसा कभी नहीं होनी देगी। इस कार्यक्रम के लिए पटना में महागठबंधन दल के सभी घटक दल के बड़े नेताओं का जुटान हुआ। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आयोजन में शामिल हुए। विपक्ष के सभी नेताओं ने आयकर गोलंबर से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मार्च किया । राहुल गांधी ने राजद, कांग्रेस, वाम दल और वीआइपी नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा, महाराष्ट्र के बाद अब बिहार में चुनाव आयोग हमारे मतदाताओं की चोरी कर रहा है। पहले इन्होंने महाराष्ट्र में जनादेश छीना अब बिहार की बारी है।इनका तरीका नया है मगर साजिश पुरानी है। जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। महागठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है। लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन जीतकर आया। जबकि विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में मतदान किया। आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा। राहुल गांधी बोले कि हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए, लेकिन आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली। वे सच्चाई छिपाना चाहते हैं। यही खेल वे बिहार में भी करना चाहते हैं। मैं बिहार की जनता से कहता हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भारत बंद को मोदी सरकार के खिलाफ 'जनआक्रोश' करार दिया। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। इस क्रम में विपक्ष ने बिहार बंद के जरिये अपनी लड़ाई को सड़क तक पहुंचा दिया है। चुनाव आयोग के इस कदम को लेकर राहुल गांधी के साथ ही तेजस्वी यादव भी बिहार बंद शामिल हो गए हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने अनुच्छेद 326 को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया है। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि बिहार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से यह सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र लोग इसमें शामिल हों। चुनाव आयोग द्वारा कहा गया है कि लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं के लिए निर्वाचनों का वयस्क मताधिकार के आधार पर होना लोक सभा और प्रत्येक राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और ऐसी तारीख को, जो समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस निमित्त नियत की जाए, कम से कम अठारह वर्ष की आयु का है और इस संविधान या समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा निरर्हित नहीं कर दिया जाता है, ऐसे किसी निर्वाचन में मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का हकदार होगा। इससे पहले बिहार की मतदाता सूची का जिक्र करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में जो भी व्यक्ति एक जनवरी 2003 की मतदाता सूची में है, उसे संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत प्राथमिक दृष्टिकोण से योग्य माना जाएगा। दूसरे शब्दों में, जिन लोगों के नाम उस सूची में हैं, उन्हें कोई कागज जमा करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग जल्द ही 2003 की बिहार मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि इसमें शामिल करीब 4.96 करोड़ मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए गणना प्रपत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले संबंधित हिस्से को निकालने में सुविधा हो। कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं के माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है, उन्हें केवल अपने जन्म स्थान/तिथि के बारे में दस्तावेज देने होंगे। बिहार में अभी 243 विधानसभा सीट पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं के माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है, उन्हें केवल अपने जन्म स्थान/तिथि के बारे में दस्तावेज देने होंगे। बिहार में अभी 243 विधानसभा सीट पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इस प्रक्रिया की जल्दबाजी और अपारदर्शी प्रकृति लाखों योग्य मतदाताओं के गलत तरीके से बहिष्कृत होने का जोखिम है, जो न केवल चुनावी प्रणाली की अखंडता के लिए बल्कि समानता, बंधुत्व और न्याय के संवैधानिक मूल्यों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती है।

### विचार

साक्षरता अपने आप में कोई शिक्षा नहीं है। साक्षरता शिक्षा का अंत या शुरुआत भी नहीं है। शिक्षा से मेरा तात्पर्य बच्चे और मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा के सर्वोत्तम गुणों को सामने लाना है।

● महात्मा गांधी


### चाणक्य



अगर आप नहीं चाहते हैं कि समाज में आपकी बेइज्जती हो तो ऐसे में आपको दूसरों से दुश्मनी मोल लेने से बचना चाहिए. जब आप दूसरों से विनम्रता से पेश आते हैं तो वे भी आपको और आपकी पर्सनालिटी को पसंद करने लगते हैं. इस तरह के जो लोग होते हैं उन्हें समाज में हर जगह पर सिर्फ इज्जत ही मिलती है.

● आचार्य चाणक्य

### सुकरात



सवाल पूछना सबसे महत्वपूर्ण कौशल है"
अर्थः सवाल करना हमें ज्ञान की ओर ले जाता है और नई समझ विकसित करने में मदद करता है.

● सुकरात के अनुसार

## Business News

बुलियन मार्केट

### चांदी में 2700 रुपए की तेजी, सोना भी तेज

**इंदौर**। स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोने की कीमतों में 400 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी देखी गई वहीं चांदी की कीमत में 2700 रुपए प्रति किलो की जोरदार तेजी देखी गई। बाजार जानकारों के मुताबिक रक्षाबंधन त्योहार के आसपास ग्राहकी और बढ़ने की उम्मीद है। शुक्रवार को सोने का 97700 रुपए का भाव रहा वही चांदी 109500 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3346 ऊपर में 3346 नीचे में 3321 चांदी 3757 सेण्ट ऊपर में 3659 नीचे में 3673 नकद में केडबरी 97700 एक दिन पूर्व 97300 आरटीजीएस 100000 सोना 22 कैरेट 91500 जीएसटी सहित चांदी नगद 109500 एक दिन पूर्व 106800 आरटीजीएस में 111000 चांदी टंच 109700 रु. सिक्का 1200 भारतीय रुपया 85.75 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 97700, आरटीजीएस 100000 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91500 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 109500, आरटीजीएस 111000 और टंच 109700 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1200 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 97800 और रवा 97700 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 109700, टंच 109600 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

# चांदी के भाव ऑल टाइम हाई पर, सोना भी हुआ महंगा

**मुंबई**। सोने चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में आज तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। चांदी के वायदा ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में आज सोने के भाव 97,250 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,10,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी देखने को मिल रही है।

#### सोना हुआ महंगा

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 561 रुपये की तेजी के साथ 97,252 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,691 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 559 रुपये की तेजी के साथ 97,250 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,350 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,151 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

#### चांदी के वायदा भाव नए रिकॉर्ड स्तर पर

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। MCX पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 210 रुपये की तेजी के साथ 1,09,333 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,09,123 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,291 रुपये की तेजी के साथ 1,10,414 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,10,559 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,09,333 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,10,559 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया है।

#### अंतरराष्ट्रीय बाजार में चमके सोना चांदी



अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,333.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,325.70 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 20.10 डॉलर की तेजी के साथ 3,345.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.64 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 37.30 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.53 डॉलर की तेजी के साथ 37.83 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

कॉर्पोरेट समाचार

### पल्सर बाइक एनएस400झेड के अपडेटेड वर्जन लांच

**नई दिल्ली**। स्वदेशी दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी पल्सर बाइक एनएस400झेड के अपडेटेड वर्जन लॉन्च कर दिया है। इस नई बाइक में सिर्फ परफॉर्मेंस ही नहीं, बल्कि कई एडवांस्ड फीचर्स भी जोड़े गए हैं। कंपनी ने इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1.92 लाख रुपये रखी है। इसमें शार्प थ्रॉटल रिस्पॉन्स, तेज एक्सीलरेशन टाइम, बेहतर हार्डवेयर और नए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम शामिल हैं, जो राइडिंग एक्सपीरियंस को और शानदार बनाते हैं। बाइक के पावरट्रेन में भी बड़ा सुधार किया गया है। इसमें 373सीसी-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया गया है, जिसकी पावर 40बीएचपी बढ़कर 43बीएचपी हो गई है। 0 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने का समय 3.2 सेकंड से घटकर 2.7 सेकंड रह गया है। वहीं 0 से 100 किमी प्रति घंटे की स्प्रिंट भी 7.5 सेकंड से कम होकर 6.4 सेकंड में पूरी हो जाती है। बाइक की टॉप स्पीड 150 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 157 किमी प्रति घंटे हो गई है। इस नए वर्जन में पीछे 150 सेक्शन का स्टील रेडियल टायर लगाया गया है, जबकि फ्रंट में बायस-प्लाई को रेडियल यूनिट से बदला गया है।

### चालू वित्त वर्ष में आईपीओ बाजार में उछाल

**नई दिल्ली**। चालू वित्त वर्ष 2025 में भारतीय आईपीओ बाजार में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। अब तक 70 कंपनियों ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं सेबी के पास मसौदा प्रस्ताव जमा कराया है। जबकि जनवरी 2025 से अब तक यह संख्या 120 तक पहुंच चुकी है। ये सभी कंपनियां मिलकर 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने की योजना बना रही हैं। सेबी के नियमों के अनुसार कंपनियों को मसौदा जमा कराने के एक वर्ष के भीतर आईपीओ लाना होता है। इस वित्त वर्ष में अप्रैल में 24, मई में 17, जून में 18 और जुलाई में अब तक 14 कंपनियों ने अपने प्रस्ताव दाखिल किए हैं। कुछ प्रमुख आईपीओ में मीशो 4,250 करोड़, पाइन लैब्स 6,000 करोड़, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड 10,000 करोड़ और क्रेडिला 5,000 करोड़ जुटाने की योजना में हैं। अब तक 26 कंपनियां बाजार से 48,234 करोड़ रुपए जुटा चुकी हैं।

### समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की लिमिट तय

**भोपाल**। केंद्र सरकार द्वारा मध्य प्रदेश को 3.5 लाख टन मूंग खरीदने की अनुमति दी है। केंद्र की इस अनुमति को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक किसान से अधिकतम 100 क्विंटल मूंग खरीदने का निर्णय लिया है। समर्थन मूल्य पर 100 क्विंटल से ज्यादा मूंग की खरीदी सरकार नहीं करेगी। एक हेक्टेयर में 12 क्विंटल मूंग का उत्पादन होता है। सरकार ने अधिकतम सीमा 100 क्विंटल तय की है। प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग सीमा तय की गई है। विदिशा में एक हेक्टेयर पर 10 क्विंटल, खंडवा में 11 क्विंटल, राजगढ़ में 10.50 क्विंटल, सागर में 7.80 क्विंटल, दमोह में 10.25 क्विंटल, छतरपुर में 6.40 क्विंटल, मुरैना में 7 क्विंटल, शिवपुरी में 7.90 क्विंटल तथा खरगोन में 8.50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के मानक से मूंग खरीदी किसानों से की जाएगी।

# एलपीजी पर नुकसान की भरपाई को लेकर तेल कंपनियों को मिलेगी सब्सिडी



**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की लागत से कम कीमत पर बिक्री की वजह से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को 30,000 से 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार वित्त मंत्रालय वर्तमान में वास्तविक घाटे का आकलन कर रहा है और इसकी भरपाई के लिए तंत्र विकसित किया जा रहा है। हालांकि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है, लेकिन सरकार ने अप्रैल 2025 में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर करीब 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाया है। संभावना है कि इसी अतिरिक्त राजस्व से तेल कंपनियों को हुए घाटे की भरपाई की जाएगी। घरेलू एलपीजी की कीमतें अंतरराष्ट्रीय मानक सऊदी सीपी की तुलना में काफी कम रखी जाती हैं ताकि आम जनता को राहत मिल सके। चूंकि देश में एलपीजी का उत्पादन स्थानीय मांग के अनुरूप नहीं है, इसलिए आयात पर निर्भरता बनी हुई है। इससे तेल कंपनियों को नुकसान होता है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में इन्हें एलपीजी बिक्री से लगभग 40,500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सरकार द्वारा नुकसान की भरपाई के बाद, कंपनियां इस राशि का उपयोग पूंजीगत व्यय सहित अन्य जरूरतों में कर सकेंगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तेल कंपनियां सरकारी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उनके नुकसान की भरपाई की जाएगी।

### देश की चार बड़ी ब्रोकिंग कंपनियों ने करीब 20 लाख निवेशक गंवाए

**नई दिल्ली**। इस वर्ष की शुरुआत में शेयर बाजार से अच्छा रिटर्न मिलने के बावजूद देश की चार बड़ी ब्रोकिंग कंपनियों ग्रो, जेरोधा, एंजल वन और अपस्टाक्स ने कुल मिलाकर करीब 20 लाख एक्टिव इनवेस्टर्स गंवा दिए हैं। अकेले जून महीने में इन चारों ने लगभग 6 लाख क्लाइंट्स खोए हैं। इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह है एफएंडओ (फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस) से रिटेल निवेशकों की घटती दिलचस्पी। सेबी द्वारा 2024 में लागू किए गए सख्त नियम – जैसे अधिक मार्जिन ज़रूरत, टैक्स का बोझ, साप्ताहिक एक्सपायरी कम होना और ट्रेडिंग की पूंजी सीमा बढ़ना, के कारण एफएंडओ ट्रेडिंग अब कम आकर्षक हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों को लगातार मुनाफा नहीं हो पा रहा और वोलटाइल मार्केट में रिसर्च और गाइडेंस की कमी से नुकसान झेलने के बाद वे ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म्स छोड़ रहे हैं।

लोकायुक्त को ट्रैप के लिए पड़ती है पैसे की जरूरत

# रिश्वतखोरों को पकड़ने के लिए बनेगा तीन करोड़ रुपए का फंड

संवाददाता | भोपाल

भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों को पकड़ने के लिए अब शिकायतकर्ताओं को अपनी जेब से पैसा नहीं खर्च करना होगा. ऐसे घूसखोरों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए मध्य प्रदेश सरकार खुद पैसा देगी. इसके लिए लोकायुक्त विभाग में अलग से फंड तैयार किया जाएगा. इस फंड से भ्रष्ट कर्मचारी-अधिकारी को रिश्वत की रकम दी जाएगी और फिर ट्रैप किया जाएगा.

लोकायुक्त ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया है. शासन से अनुमति मिलने के बाद करीबन 3 करोड़ रुपए का रिवॉल्विंग फंड तैयार किया जाएगा.

### इसलिए बनाना पड़ रहा 3 करोड़ का फंड

दरअसल, मई 2023 में रायसेन जिले में रहने वाले संतोष मालवीय ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत की और बताया था कि 20 एकड़ भूमि की नपती नामांतरण के लिए तहसीलदार रायसेन के कार्यालय का बाबू उनसे एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है. लोकायुक्त ने बाबू को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. कार्रवाई तो हो गई लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा दी गई 50




हजार रुपए की रकम मिलने में लंबा वक्त लग गया. यानी शिकायतकर्ता के पैसे इन मामलों में लंबे वक्त तक फंस रहे थे

### शिकायतकर्ता ही देते हैं घूस की रकम

लोकायुक्त में रिश्वत के मामलों की शिकायत जब कोई लेकर पहुंचता है तो शिकायतकर्ता को पुष्टि के लिए कई बार रिकॉर्डर भी दिया जाता है. इस रिकॉर्डर में रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारी से लेन-देन की बात रिकॉर्ड हो जाती है. इसके बाद लोकायुक्त के निर्देश पर शिकायतकर्ता खुद की रकम बतौर रिश्वत लेकर भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी के लिए पहुंचता है

### केस चलने तक फंस जाती थी रकम

लोकायुक्त डीजी योगेश देशमुख के मुताबिक, '' लेन-देन की यह रकम छोटी-बड़ी कुछ भी हो सकती है. लेकिन रिश्वत के रूप में दी गई यह रकम वापस मिलने के लिए शिकायतकर्ता को लंबा इंतजार करना पड़ता है. क्योंकि लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद मामला कोर्ट पहुंचता है. कोर्ट में सुनवाई में ही लंबा वक्त लग जाता है. ऐसे में कोर्ट का फैसला आने तक ट्रैप कराने वाले व्यक्ति के पैसे फंसे रहते हैं.''

### अब पैसा लो और रिश्वतखोर पकड़ो

शिकायतकर्ता द्वारा दी जाने वाली रिश्वत की राशि लंबे समय तक उलझने के मामलों को देखते हुए लोकायुक्त ने नया प्लान बनाया है. लोकायुक्त ने सरकार को रिवॉल्विंग फंड बनाए का प्रस्ताव भेजा है. इस फंड में 3 करोड़ की राशि रखी जाएगी. इस रिवॉल्विंग फंड से जरुरत पड़ने पर शिकायतकर्ता को राशि दी जाएगी जिससे वह उसे रिश्वत मांगने वाले रिश्वतखोर को दे सके. कोर्ट से रकम मिलने के बाद फिर राशि को फंड में जमा कर दिया जाएगा. इसीलिए इसे रिवॉल्विंग फंड कहा जा रहा है. लोकायुक्त डीजी योगेश देशमुख के मुताबिक, " रिवॉल्विंग फंड के लिए प्रकिया जारी है. इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है जल्द ही इसे शासन के पास भेजा जाएगा

चार साल के जुड़वां भाइयों की मौत के बाद विद्युत वितरण कंपनी का फैसला

# पीथमपुर में छतों पर से हटेगी हाईटेंशन लाइन

संवाददाता | पीथमपुर

तारापुर में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर चार साल के जुड़वा भाइयों की मौत हो गई। इस हृदय विदारक हादसे के बाद बिजल कंपनी ने पूरे शहर में छतों से गुजर रही हाईटेंशन हटाने का फैसला लिया है।

पवन राय मूल निवासी बिहार किराए के मकान में रहते हैं। मकान के ऊपर से गयी थी 11 KV विद्युत लाइन के चपेट में आने से 4 वर्षीय अबोध जुड़वा भाई आकाश और विकास की हुई दर्दनाक मृत्यु। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ हेमंत कुमार हिरोले साथियों के साथ पहुचे पीड़ित परिवार को मिले।

पीड़ित परिवार ने बताया दोनों भाई न जाने कैसे छत पर गए और वहां पर लोहे का सरिया आया..वहां छत पर करंट से घायल हुए अस्पताल में भर्ती कराया वहां पर भी समय पर ब्लड प्लाजमा नहीं मिलने से दोनों की मृत्यु हुई...बचों की माँ रो कर बता रही थी.. बचों का भविष्य बनाने के लिए बिहार से यहां थे लेकिन यहां हमारा घर उजाड गया रो रो कर परिवार बुरा हाल हो गया है( डॉ हेमंतकुमार हिरोले ने पटवारी... तहसीलदार और नगरपालिका के सी एम ओ से चर्चा कर पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से मुआवजा देने की मांग की। बिज़ली अधिकारियों से चर्चा कर..वह 11 KV की लाइन हटाने की मांग की। दोषी बिज़ली कंपनी और नगरपालिका पर लापरवाही करने के लिए इनके विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग की। तारपुरा व आसपास के निवासियों को समझाइश दी। दिलीप माळीवाड .अजय सोलंकी. जादू डसांना राकेश दस्ताना..शुभम माळीवाड चमन चोपड़ा.. माणिक सोलंकी..दिनेश भीमा ढाढस बंधाया।



### भविष्य में नहीं मिलेगी परमिशन

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के एई संजीत कुमार ने बताया राहत राशि के लिए हमने अपने उच्च अधिकारियों को बता दिया है और इसके अलावा हम 11 के वि की लाइन हटाने की प्रक्रिया चालू कर रहे हैं पूरे नगर में नोटिस जारी करवाया है जिस मकान की छत से लाइन जा रही है या पोल गड़े होंगे वे लाइन काट रहे हैं और आगे से ऐसे इलाकों मे लाइन डालने की

### दमोह में मगरमच्छ के हमले से महिला की मौत

**दमोह।** शुक्रवार सुबह व्यारमा नदी में नहाने गई एक महिला को मगरमच्छ खींच ले गया। महिला को मगरमच्छ के जबड़े में जकड़ा देख लोगों ने शोर मचाया। करीब एक घंटे बाद महिला की लाश मिली। घटना कनिया घाट पटी गांव की है। महिला की पहचान मालतीबाई (40) पति मेघराज सिंह के रुप में हुई है। ग्रामीण प्रहलाद सिंह का कहना है कि मालती एक सहेली के साथ सुबह करीब 6 बजे गई थी। सावन का पहला दिन है, इसलिए उनको जल भी लाना था। उसकी सहेली किनारे पर खड़ी थी। मालती डिब्बे में नदी से पानी भर रही थी, तभी मगरमच्छ ने उनके पैर को जबड़े में भर लिया। मगरमच्छ उनको खींचते हुए नदी के बीचोंबीच ले गया। नदी का बहाव तेज है, इसलिए लोग उसे बचा नहीं सके। ग्रामीण ने बनाया वीडियो, एक घंटे बाद मिला शव एक ग्रामीण ने घटना का वीडियो बना लिया। सूचना मिलते ही वन विभाग और SDRF की टीम पहुंची। करीब एक घंटे की सर्चिंग के बाद महिला का शव नदी के दूसरे छोर पर झाड़ियों में फंसा मिला। कलेक्टर सुधीर कोचर, एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी मौके पर पहुंचे। वन विभाग के मुताबिक मगरमच्छ बढ़ने के कारण चिह्नित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए थे और मुनादी भी करवाई थी।

### खंडवा-इंदौर मार्ग पर भारी वाहन प्रतिबंधित

**खंडवा।** श्रावण में कावड़ यात्रा के दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को ध्यान में रख कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इंदौर_खंडवा मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है। वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी की है। केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 व मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत आदेश 11 जुलाई से प्रभावी हो गया है। बुरहानपुर की ओर से जिले में प्रवेश करने वाले भारी वाहन देशगांव में प्रवेश कर खरगोन धामनोद होते हए एबी रोड़ पहुंच सकते है। इंदौर से चलने वाले वाहन खरगोन जिले से देशगांव हो कर गन्तव्य तक पहुंच सकेंगे।

उफान पर नदी-नाले, कई गांवों का संपर्क टूटा

# छतपुर जिले में बारिश के कारण किसान नहीं कर पा रहे बोवनी



संवाददाता | छतरपुर

लगातार बारिश जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित है। जिले के तमाम नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट गया है, दूसरी ओर बारिश के कारण किसानों की बोवनी (बुवाई) भी नहीं हो पा रही है। कई स्थानों पर खेतों में जलभराव से फसलों को नुकसान होने की भी जानकारी मिली है। किसानों में निराशा है। जिले में करीब एक सप्ताह से रोज बारिश हो रही है। जिले की धसान, केन, उर्मिल, पुखराव सहित अन्य छोटे-बड़े नाले उफान पर हैं। शुक्रवार को सटई क्षेत्र के झमटुली गांव में बेहर मोहल्ले का नाला उफान पर होने से देवगांव, देवरा, बिजावर और अमानगंज को जोडऩे वाला मार्ग बंद हो गया। दूसरी ओर पुखराव नदी का अस्थाई पुल बह गया जिससे खरयानी, पलकौंहा, ढोंढऩ आदि गांवों का संपर्क कट गया। लगातार बारिश ने न केवल किसानों की आजीविका को प्रभावित किया है।

### बोवनी रुकी, फसलों को नुकसान

लगातार बारिश ने किसानों के लिए भी मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। जिले के अधिकांश किसानों ने बताया इस वर्ष मानसून की शुरुआत से ही अत्यधिक वर्षा के कारण खेतों में जलभराव हो गया है। तालाब और नाले लबालब हैं, जिससे खेतों में पानी निकासी की समस्या पैदा हो गई है। पठादा गांव के किसान छोटू यादव ने बताया इस बार बारिश इतनी ज्यादा हो रही है कि बोवनी शुरू ही नहीं हो पाई। वहीं रौरा गांव के किसान राजू यादव ने बताया कि उनके गांव में थोड़ी-बहुत बुवाई हुई थी लेकिन लगातार हो रही बारिश से फसल खराब होने की संभावना बन रही है।

### अस्थाई पुल बहा, 4 गांवों का संपर्क टूटा

राजनगर तहसील में बमीठा-भुसौर गंगऊ बांध के बीच बहने वाली पुखराव नदी पर बना अस्थाई पुल भारी बारिश के कारण बह गया और चार गांवों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। बताया गया है कि पुखराव नदी के अस्थाई पुल को केन-बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण के लिए पुराने रिपटा को तोड़कर बनाया गया था। भारी बारिश के कारण यह पुल बह गया, जिससे खरयानी, पलकौंहा, ढोंढऩ सहित और अन्य गांवों के लोगों का संपर्क मुख्य सड़क से कट गया। बमीठा निवासी अशोक नामदेव ने बताया कि पुल बह जाने के बाद पलकौंहा की एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई हुई।

कंपनी का दावा-जनरेटर से कर रहे काम

# प्रदूषण के आरोप में शिवांगी सरिया फैक्टरी बंद कराई

संवाददाता | पीथमपुर

क्षेत्रीय प्रदूषण निवारण अधिकारी एसएन द्विवेदी ने बताया शिवांगी सरिया में उत्पादन बंद करा दिया है। चिमनी लगाने के बाद ही काम काम कर पाएगी। हालांकि कंपनी का दावा है उसने उत्पादन बंद नहीं किया है क्योंकि कंपनी पर प्रदूषण का उक्त नियम लागू नहीं होता।

प्रदूषण विभाग ने सेक्टर नंबर 3 इंडोरामा स्थित शिवांगी सरिया कंपनी को नोटिस जारी किया था जिसमें उन्होंने कहा था जल और वायु प्रदूषण भारी मात्रा में कंपनी द्वारा फैलाया जा रहा है, इसके तहत पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 9 जुलाई की शाम 5 बजे से बिजली वितरण कंपनी को पत्र द्वारा सूचित कर बिजली प्रदाय पूरी तरह से बंद कर दिया था, जिससे कंपनी का उत्पादन बंद हो गया।



द्विवेदी ने बताया जब तक पॉल्यूशन विभाग के सारे मानक कंपनी पूरी तरह स्थापित नहीं कर देती तब तक उत्पादन बंद रहेगा। मप्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के अधीक्षण यंत्री ध्रुवनारायण शर्मा ने बताया पॉल्यूशन विभाग के पास पॉवर है इसलिए उसके कहने पर बिजली प्रदाय बंद किया है।

कंपनी के एचआर हेड हेमराज विश्वकर्मा ने बताया जनरेटर से रात में काम कर रहे हैं। लगभग 500 से ज्यादा मजदूर हैं। कंपनी के एमडी पंकज बंसल ने बताया पुराना उद्योग है हमारी कंपनी पर यह नियम लागू नहीं होता। पत्राचार द्वारा अपनी बात रख रहे हैं।

# पीएमएवाय के 117 हितग्राही लाभान्वित



पीथमपुर। शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में होने वाले एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव बिल्डिंग द सिटी ऑफ टुमारो कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 70 हजार लाभार्थियों को लाभान्वित किया। इनमें पीथमपुर के 177 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। पीथमपुर के और विभिन्न वार्डों के 93 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिए गए। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय अहीर ने बताया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से कार्यक्रम की रुपरेखा रखी, जिसमें मुख्य रुप से अध्यक्ष सेवंती पटेल, उपाध्यक्ष पप्पू असोलिया पार्षद सुनील वर्मा पार्षद श्रीमती भागू बाई गोविंद परमार मौजूद थे। सीधा प्रसारण नगर पालिका में किया गया।

छिंदवाड़ा में लकड़ी चोरी में ज्यादती

# वनरक्षक ने आदिवासी युवक को इतनी बेरहमी से पीटा कि टूट गए दो डंडे

संवाददाता | छिंदवाड़ा

एक आदिवासी युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है वनरक्षक ने सागौन की लकड़ी चोरी के शक में उसे इतना पीटा कि दो डंडे टूट गए। युवक का शरीर नीला पड़ गया।

मामला सोमवार को बफर जोन स्थित कुंभपानी वन परिक्षेत्र के सिंगारदीप जंगल का है। गुरुवार शाम को चौरई विधायक और आदिवासी समाज के लोग बिछुआ थाने पहुंचे। लोगों ने आरोपी वनरक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने वनरक्षक पर एफआईआर दर्ज कर ली है। वनरक्षक ने आरोपों से इनकार किया है। वहीं, वन विभाग ने जांच टीम बनाई है।

### बिना पूछताछ किए मारा: पीड़ित

सिंगारदीप निवासी शिवपाल उईके ने बताया 7 जुलाई को घरेलू उपयोग के लिए जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गया था। लौटते समय वनरक्षक संजय नामदेव ने खेत के पास रोका और बिना कोई पूछताछ किए पीटना शुरू कर दिया। आंख समेत पूरे शरीर पर गहरे जख्म और सूजन के निशान हैं।

### विधायक ने पीड़ित से की मुलाकात

घटना के बाद से युवक और उसका परिवार सहमा हुआ था। विधायक सुजीत चौधरी और चौरई एसडीओपी भारती जाट ने पीड़ित से मुलाकात की। आरोपी वनरक्षक पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया।

### मुझे नहीं पता किसने मारा: वनरक्षक

वनरक्षक संजय नामदेव ने कहा शिवपाल को तीन सागौन लट्ठों के साथ खेत में पकड़ा था । 7 जुलाई को सागौन चोरी के शक में युवक को रेंज ऑफिस लाया गया। यहां उसका मेडिकल कराया गया और विभागीय कार्रवाई कर जुर्माना वसूलने के बाद 8 जुलाई को छोड़ दिया गया।उसे किसने मारा, मुझे जानकारी नहीं है।

# महिला की मौत, मायके ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के बमनीघाट गांव में बीते रोज 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जिला अस्पताल में ससुराल वालों ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या करना बताया जबकि मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

बमनीघाट निवासी मोतीलाल यादव ने बताया गुरुवार शाम ब्रजेश यादव की 35 वर्षीय पत्नी सुशीला ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। बच्चों की चीख सुन मौके पर पहुंचे और सुशीला को तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां रात 8 बजे मृत्यु हो गई। मृतका के भाई सुनील यादव निवासी जिला टीकमगढ़ ने बताया सुशीला का विवाह 2009 में हुआ था। ब्रजेश के घर में रह रही सरस्वती लोधी से अवैध संबंध है, इसके चलते सुशीला को प्रताड़ित करता था। उसके सामन भी विवाद हुआ था। ब्रजेश ने ही हत्या की है।

# हाईस्कूल के शिक्षक मार रहे तड़ी

**सिंगरौली।** जिले में हाईस्कूल तक के शिक्षक तड़ी मा रहे हैं। चितरंगी विखं के मिसिरगवा स्थित शासकीय हाईस्कूल में गुरुवार को यही नजर आया। ग्रामीणों की शिकायत पर यह प्रतिनिधि दोपहर 3:51 बजे पहुंचा तो स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लटका था, जबकि म.प्र. शासन के नियमानुसार शासकीय हाई स्कूलों का संचालन समय प्रातः 10:30 से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित है। ग्रामीण बृजेश ने बताया: 'स्कूल तो करीब 3:30 बजे ही बंद हो गया था। ये तो यहां अक्सर होता है !'यह कथन साफ दर्शाता है स्कूल समय से पहले बंद हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कई बार बच्चों को स्कूल से वापस घर आ जाते हैं क्योंकि शिक्षक नहीं रहते।



**पश्चिम मध्य रेल**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता, विद्युत लोको शैड, तुगलकाबाद नई दिल्ली-44, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनकी बंद होने की तिथि समय क्रमशः 31.07.2025 है। निविदाकार बंद होने की तिथि व समय तक अपनी मल संशोधित अपनी निविदा ऑफर जमा कर सकते है। मैन्यूवल निविदा ऑफर स्वीकार्य नहीं है। विवरण इस प्रकार हैः- **क्र.सं.1- निविदा सं.:** टीकेडी-17-2025, **कार्य का नाम व स्थानः** "वि.लोको शेड तुगलकाबाद में 02 वर्षों हेतु अंडर फ्लोर पिट व्हील लेथ मशीन का थ्री फेज लोको के व्हील टर्निंग हेतु संचालन", **मात्राः** 1500 नग, **अनुमानित लागत (रू में): ₹** 43,78,500/-, **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू में):** शून्य, **बयाना राशि (रू में): ₹** 87,600/-, **समापन अवधिः** 24 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समयः** 31.07.2025, 15.30 बजे, **क्र.सं.2- निविदा सं.:** टीकेडी-18-2025, **कार्य का नाम व स्थानः** "वि. लोको शेड तुगलकाबाद के थ्री फेज लोको में जी टी ओ बेस्ड प्रोपल्शन इक्विपमेंट सेट की जगह आईजीबीटी बेस्ड प्रोपल्शन सेट लगाने के मॉडिफिकेशन कार्य", **मात्राः** शेड्यूल ऑफ रेट्स के अनुसार, **अनुमानित लागतः ₹** 2,99,32,407.16, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में):** शून्य, **बयाना राशि (रू में): ₹** 2,99,700/-, **समापन अवधिः** 24 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समयः** 31.07.2025, 15.30 बजे। **नोटः** 1. ई-निविदा प्रपत्र एवं ई-निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है। 2. इस ई-टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है तो भी वह मान्य नही होगा। 3. इस टेंडर से सम्बंधित कोई आवश्यक संसोधन यदि जरुरी हो तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। 4. टेंडरर (निविदादाता) के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट, तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है। **(हस्ता.)**

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता (टीआरएस)**
**विद्युत लोको शेड, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-44**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

उज्जैन में श्रावण महोत्सव

# महाकाल के दरबार में आज से गायन, वादन व नृत्य की प्रस्तुति

संवाददाता | उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति 20वां अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव शिव संभवम 2025 का आयोजन कर रही है। महोत्सव का शुभारंभ 12 जुलाई को त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय के सभागृह में शाम 7 बजे से होगा।

मंदिर समिति की उप प्रशासक सिम्मी यादव ने कार्यक्रम की जानकारी दी। पहले दिन बड़ौदा के प्रसिद्ध ध्रुपद गायक चिंतन उपाध्याय प्रस्तुति देंगे। उज्जैन के सतीश गोथरवाल के निर्देशन में पं. विष्णु नारायण भातखंडे कला संस्थान की ताल वाद्य कचहरी होगी। इंदौर की कार्तिक कला अकादमी की निर्देशिका सुचित्रा हरमलकर के मार्गदर्शन में कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी।

चिंतन उपाध्याय आकाशवाणी मुंबई के 'बी हाई ग्रेड' ध्रुपद गायक हैं। वे भारत के अलावा कनाडा, जर्मनी, अमेरिका और ऑस्ट्रिया में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। डॉ. सतीश गोथरवाल तबला वादक और गायक हैं। उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से तबला में स्नातकोत्तर किया है।

डॉ. सुचित्रा हरमलकर कथक की रायगढ़ घराने की नृत्यांगना हैं। उन्होंने स्व. पांचूजी व पद्मश्री रामलाल से नृत्य सीखा है। वर्तमान में वे इंदौर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नृत्य विभाग की अध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने गुरु की स्मृति में कार्तिक कला अकादमी की स्थापना की है।



### 80 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

श्रावण माह में 80 लाख से अधिक श्रद्धालु आएंगे और महाकाल के दर्शन करेंगे। माह के पहले दिन शुक्रवार को भगवान महाकाल की भस्म आरती के दौरान तड़के 3 बजे मंदिर के पट खोले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए भस्म आरती के बाद अब रात शयन आरती तक दर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। वीरभद्र जी के कान में स्वस्ति वाचन कर, घंटी बजाकर, भगवान से आज्ञा लेकर सभा मंडप वाले चांदी के पट खोले गए और कर्पूर आरती की। नंदी हाल में नंदी जी का स्नान,ध्यान, पूजन किया गया। जल से भगवान महाकाल का अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शकर, शहद फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। भगवान महाकाल का रजत चंद्र, त्रिशूल, मुकुट, आभूषण के साथ, भांग, चन्दन, ड्रायफ्रूट से श्रृंगार कर भस्म चढ़ाई गई।


# दीपिका पर भड़के डायरेक्टर

## फेमिनिज्म पर उठाया सवाल




साउथ सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'स्पिरिट' लोगों के बीच काफी चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म की लीड एक्ट्रेस के नाम की अनाउंसमेंट की गई है, जो कि तृप्ति डिमरी हैं। हालांकि, पहले इस फिल्म में दीपिका पादुकोण का नाम सामने आ रहा था, लेकिन इस फिल्म से एक्ट्रेस का पत्ता कट चुका है। इसी दौरान फिल्म के डायरेक्ट संदीप रेड्डी वांगा ने अपने एक्स पर इस मामले से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए किसी पर निशाना साधा है, लोग इस बेनाम शख्स को दीपिका कह रहे हैं। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल', 'कबीर सिंह' जैसी फिल्में डायरेक्ट की हैं। अब उनकी फिल्म 'स्पिरिट' के लिए लोग काफी बेसब्री से इंतजार में बैठे हुए हैं। हालांकि, फिल्म से अब दीपिका बाहर हो चुकी हैं, लेकिन डायरेक्टर ने बिना नाम लिए सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने ये पिंकविला में फिल्म की कहानी के बारे में बताए जाने के बाद पोस्ट किया है। संदीप ने इस पोस्ट में दीपिका के फेमिनिज्म पर भी सवाल किए हैं। साथ ही उन्होंने इसे गंदा पीआर गेम भी कहा है। संदीप ने अपने ऑफिशियल अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि जब मैं एक्टर को स्टोरी नरेट करता हूं, तो मैं उस पर 100 फीसदी भरोसा किया था। उस दौरान हमारे बीच एक अनकहा एनडीए होता है, लेकिन ऐसा करके तुमने ये दिखा दिया कि तुम किस तरह के इंसान हो। अपने से यंग एक्टर्स को नीचा दिखाना और मेरी स्टोरी को लोगों के सामने लाना, क्या इसलिए आपका फेमिनिज्म खड़ा होता है। एक फिल्ममेकर के तौर पर मैं अपने काम के पीछे बहुत मेहनत करता हूं, फिल्ममेकिंग मेरे लिए सब कुछ है। तुम्हें ये कभी भी समझ नहीं आएगा। आगे उन्होंने लिखा, ऐसा करो, अगली बार पूरी कहानी बोलना, क्योंकि मुझे जरा सा भी फर्क नहीं पड़ता है, मुझे ये कहावत बहुत पसंद है कि खुंदक में बिल्ली खंभा नोचे। पिंकविला की रिपोर्ट की बात करें, तो उसमें बताया गया था कि 'स्पिरिट' की स्टोरी एक तेलुगु एंटरटेनर है। इस फिल्म में कई हीरोइक मोमेंट्स होने वाले हैं, लेकिन फिल्ममेकर इस फिल्म में A रेटेड चीजें भी दिखाने वाले हैं।

# 10 साल में इतनी ग्लैमरस हो गई बजरंगी भाईजान की 'पाकिस्तानी मुन्नी'



बॉलीवुड में हर साल कई छोटी बच्चियां एक्टिंग की दुनिया में कदम रखती हैं। कुछ पहचान बनाने में कामयाब रहती हैं, तो कुछ के बारे में कोई नहीं जान पाता। ऐसी ही एक बच्ची साल 2015 में लोगों की नजरों में आई। जब सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' रिलीज हुई थी। जिसे लोग आज भी मुन्नी कहकर बुलाते हैं। सलमान खान की 900 करोड़ कमाने वाली इस फिल्म में उनका और पाकिस्तान से आई मुन्नी का एक खास रिश्ता दिखा। जिसका घर ढूंढने के लिए वो पड़ोसी मुल्क चले जाते हैं। और क्योंकि मुन्नी कुछ बोल नहीं सकती, तो कहानी में एक इमोशनल एंगल भी दिखा। हालांकि, जब फिल्म आई थी, उस वक्त हर्षाली सिर्फ 7 साल की थी। 10 साल बाद हर्षाली मल्होत्रा बेहद बदल चुकी हैं। 16 साल की एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर एक से बढ़कर ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती हैं। खास बात यह है कि वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3.17 मिलियन फॉलोअर्स हैं। हर्षाली मल्होत्रा इस वक्त पढ़ाई कर रही हैं। बीते साल ही उन्होंने 10वीं क्लास पास की है। एक्ट्रेस के 10वीं के एग्जाम में 83 पर्सेंट मार्क्स आए थे। पढ़ाई के साथ ही वो कत्थक की क्लास भी लेती हैं। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हालांकि, बजरंगी भाईजान की मुन्नी पहले भी कई टीवी शोज में काम कर चुकी हैं। 'कुबूल है', 'लौट आओ त्रिशा' समेत 'सावधान इंडिया' में भी हर्षाली ने काम किया था। लेकिन सलमान खान की फिल्म से रातों रात फेम मिल गया। दरअसल हर्षाली मल्होत्रा को कटरीना कैफ की फिल्म में रोल ऑफर हो चुका है। लेकिन उनकी मम्मी ने उसे रिजेक्ट कर दिया था। फिल्म 'फितूर' में हर्षाली को कटरीना कैफ के बचपन का रोल करना था। लेकिन उनकी मम्मी इस फैसले के हक में नहीं थीं। यहां तक कि हर्षाली मल्होत्रा साल 2015 में ही सलमान खान की एक बड़ी फिल्म ठुकरा चुकी हैं। जो है- प्रेम रतन धन पायो। इस फिल्म में भाईजान मुन्नी को लेना चाहते थे। उन्हें पिक्चर में स्वरा भास्कर के बचपन का किरदार निभाना था। लेकिन एक्ट्रेस की मम्मी का मानना था कि बजरंगी भाईजान के बाद वो नहीं चाहती हैं कि हर्षाली छोटे रोल करें।

# शादी को गैरकानूनी बताकर को-एक्टर के बच्चे की मां बनी थी एक्ट्रेस



बंगाली एक्ट्रेस नुसरत जहां अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी विवादों में रही हैं। पहले पति निखिल जैन के साथ अपनी शादी को गैरकानूनी बताकर को-एक्टर यश दासगुप्ता के बच्चे की मां बन गईं। अब एक्ट्रेस का ये रिश्ता एक बार फिर सुर्खियों में है। बंगाली एक्ट्रेस और टीएमसी लीडर नुसरत जहां अपने काम से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अभिनेत्री एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में नुसरत जहां ने इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया, जिसके बाद ऐसी चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि उनके और यश दासगुप्ता के बीच सब ठीक नहीं है। नुसरत ने 2022 में अपने बिजनेसमैन पति निखिल जैन से अलग होने के बाद को-एक्टर यश दासगुप्ता के साथ अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था। लेकिन, अब एक बार फिर नुसरत का रिश्ता चर्चा में है। नुसरत और यश का रिश्ता तनाव से गुजर रहा है। इसकी एक वजह ये भी है कि नुसरत को यश दासगुप्ता ने इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है, जबकि नुसरत अब भी यश को फॉलो कर रही हैं। यश का कहना है कि ये एक 'तकनीकि समस्या' है, जिसके चलते वह नुसरत को इंस्टाग्राम पर फॉलो नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी तरफ नुसरत के पोस्ट ने इन अफवाहों को और हवा दे दी है। नुसरत जहां ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें भगवद गीता का एक श्लोक है। इस पोस्ट के साथ नुसरत ने शांति और मुक्ति के लिए ईश्वर के सामने खुद को समर्पित करने की बात कही है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा- 'जो आपके वश में नहीं है उसके सामने समर्पण कर देना चाहिए।

# संदीप वांगा की 'स्पिरिट' में तृप्ति डिमरी की एंट्री



डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। दीपिका पादुकोण के प्रोजेक्ट से हटने के बाद, अब मेकर्स ने ऑफिशियली तृप्ति डिमरी के नाम की घोषणा कर दी है। एक्ट्रेस ने भी इस बात को अपने इंस्टाग्राम पर कंफर्म कर दिया है। फिल्म में शामिल किए जाने के बाद तृप्ति ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। इस जर्नी में शामिल करने के लिए बहुत आभारी हूं। शुक्रिया संदीप रेड्डी वांगा। आपके विजन का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।' तृप्ति संदीप रेड्डी के साथ इससे पहले 'एनिमल' में काम कर चुकी हैं। इस फिल्म ने उन्हें देश भर में पॉपुलर कर दिया था। 'एनिमल' की वजह से उन्हें नेशनल क्रश का टैग भी मिल गया था। यह पहली बार होगा जब तृप्ति डिमरी और प्रभास एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म की बात करें तो इस वक्त इसके प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है। जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। फिल्म को भूषण कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं। बता दें कि पहले इस फिल्म की शूटिंग साल 2024 के आखिरी में होने वाली थी लेकिन दीपिका की प्रेग्नेंसी की वजह से शूटिंग टल गई थी। मां बनने के बाद अपने बिजी शेड्यूल के कारण दीपिका ने फिल्म करने मना कर दिया था। लेकिन संदीप को दीपिका ही चाहिए थीं इसलिए उन्होंने उनके हिसाब से शेड्यूल को बदला, जिसके बाद दीपिका ने फिल्म के लिए हामी भर दी थी। कुछ ही दिन पहले ये खबर आई थी कि 'स्पिरिट' के लिए दीपिका पादुकोण को 20 करोड़ रुपए की फीस दी गई है। दीपिका की तरफ आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्रॉफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलॉग न बोलने जैसी डिमांड रखी गई।

# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नया ट्विस्ट


## धीरज धूपर नहीं, ये एक्टर बनेंगे अभिरा के 'बॉयफ्रेंड'!



स्टार प्लस के लोकप्रिय सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में हाल ही में आए 7 साल के लीप ने कहानी को पूरी तरह बदल दिया है। अभिरा और अरमान की राहें जुदा हो चुकी हैं, और अब दोनों के जीवन में नए चेहरों की एंट्री की खबरें सुर्खियों में हैं। जहां एक तरफ अरमान की जिंदगी में नई दोस्त आ चुकी है, वहीं अब अभिरा के जीवन में भी एक नए शख्स की एंट्री होने वाली है। पहले खबरें थीं कि 'कुंडली भाग्य' एक्टर धीरज धूपर इस किरदार को निभाएंगे, लेकिन अब लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, एक नया नाम सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के मेकर्स ने अभिरा के नए लव इंटरेस्ट के लिए धीरज धूपर को कास्ट करने का प्लान बदल लिया है। अब उनकी जगह पॉपुलर टीवी एक्टर राहुल शर्मा इस अहम भूमिका में नजर आएंगे। राहुल शर्मा अभिरा के बॉयफ्रेंड का किरदार निभाएंगे, जिसकी एंट्री से कहानी में नया मोड़ आने वाला है, हालांकि, इस किरदार को लेकर अभी ज्यादा डिटेल्स सामने नहीं आई हैं। लेकिन राजन शाही का ये शो राहुल शर्मा के करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। एक्टर राहुल शर्मा टीवी की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्हें इससे पहले 'भैरव एक रहस्य' और 'मिटेगी लक्ष्मण रेखा' जैसे शोज में देखा जा चुका है। राहुल के आने से शो में एक नई फ्रेशनेस आने की उम्मीद है।

# श्रेया घोषाल ने अपने मुंबई कॉन्सर्ट में सैनिकों को किया नमन

## सेना को दिल से धन्यवाद दिया



श्रेया घोषाल ने अपने मुंबई के म्यूजिकल कॉन्सर्ट में सैनिकों को नमन किया है। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की बहादुरी के लिए लोगों में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। भारतीय जांबाज सेना के जवानों ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस ऑपरेशन के तहत आतंकियों के अड्डों को तबाह करने वाली भारतीय सेना की जमकर तारीफ हुई है और वैश्विक पटल पर बहादुरी के किस्से सुनाए जा रहे हैं। ऐसे में बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल ने भी अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट में सैनिकों को नमन किया है। श्रेया घोषाल ने अपना कॉन्सर्ट ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ने की वजह से पोस्टपोन्ड कर दिया था। अपने ऑल हार्ट्स टूर के मुंबई चरण के दौरान श्रेया घोषाल ने भारतीय सशस्त्र बलों को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी, जिसने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया।




**प्रभास की 500 करोड़ी 'स्पिरिट' के लिए तृप्ति डिमरी को मिले इतने पैसे!**

प्रभास पूरी तरह से बॉक्स ऑफिस पर कब्जा करने की तैयारी कर चुके हैं। जल्द से जल्द काम निपटाकर अपनी फिल्मों को रिलीज के लिए लगवा देंगे। यूं तो इस साल अबतक कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। 'राजा साब' की रिलीज डेट को लेकर काफी कन्फ्यूजन बना हुआ है। लेकिन असली सुर्खियों में उनकी SPIRIT है, जिसके लिए हाल ही में एक्ट्रेस फाइनल की गई है। यूं तो संदीप रेड्डी वांगा ने पहले दीपिका पादुकोण को अप्रोच किया था, लेकिन काफी चीजों को लेकर बात नहीं बन पाई। ऐसे में तृप्ति डिमरी को फोन कर बात पक्की हो गई। पर एक्ट्रेस को फिल्म के लिए थोड़े ही पैसे मिले हैं। तृप्ति डिमरी को फिल्म में लेने के बाद से ही लोग दीपिका पादुकोण के एग्जिट की वजह जानना चाहते हैं। इसी बीच संदीप रेड्डी वांगा ने बिना नाम लिए एक ट्वीट किया है। साथ ही एक्ट्रेस को खूब खरी-खोटी सुनाई है। खैर, ऐसा कहा जा रहा था कि एक्ट्रेस ने फिल्म के लिए 20 करोड़ डिमांड की थी। लेकिन तृप्ति डिमरी तो बहुत सस्ते में ही राजी हो गईं। दरअसल प्रभास की स्पिरिट के लिए दीपिका पादुकोण ने काफी डिमांड रखी थी। लेकिन संदीप रेड्डी वांगा ने सबकुछ रिजेक्ट कर तृप्ति डिमरी को फाइनल किया। उन्होंने तुरंत एनिमल एक्ट्रेस का ऑफिशियली ऐलान कर दिया। दरअसल वांगा और तृप्ति पहले भी साथ में काम कर चुके हैं। दोनों की फिल्म एनिमल ने दुनियाभर से 900 करोड़ का कारोबार किया था। हालांकि तृप्ति की एंट्री से ज्यादा लोग खुश नहीं हैं। इसी बीच तेलुगु 360 पर एक रिपोर्ट छपी। इसके मुताबिक, एक्ट्रेस को फिल्म के लिए 4 करोड़ रुपये फीस मिली है। तृप्ति डिमरी को जैसे ही वांगा ने फिल्म का ऑफर दिया, वो तुरंत मान गईं। वहीं, 4 करोड़ में बात पक्की हुई है, तो दीपिका पादुकोण को भी राहत की सांस आई होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वो 20 करोड़ की डिमांड कर रही थी। लेकिन उनके हाथ से प्रोजेक्ट निकला भी, तो कुछ ज्यादा फीस नहीं मिली है। हालांकि, फिल्म के लिए अबतक दूसरे एक्टर्स को फाइनल नहीं किया गया है। जल्द ही उनके साथ टेक्नीशियन को भी फाइनल किया जाएगा। फिल्म का शूट इस साल चालू होगा, वहीं 2026 में इस फिल्म को रिलीज कर दिया जाएगा। इस पिक्चर में प्रभास कॉप के रोल में दिखने वाले हैं। यूं तो प्रभास के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं। वहीं तृप्ति का शेड्यूल भी फुल है। बीते दिनों उनकी एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है।

# श्रद्धा 'स्त्री 3' फिल्म में भी आएंगी नजर

श्रद्धा को आखिरी बार हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में देखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वहीं श्रद्धा 'स्त्री 3' फिल्म में नजर आएंगी, जो 13 अगस्त 2027 को रिलीज होगी। इसके अलावा, उनके पास 'चालबाज इन लंदन', 'नागिन' और 'केटीना' जैसी फिल्में भी हैं। इन दिनों श्रद्धा फिल्म 'तुम्बाड' के निर्देशक के साथ भी एक प्रोजेक्ट में कर रही हैं। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने कई तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। श्रद्धा पिंक रंग की ओपन शर्ट और ब्लैक कारगो में बेहद क्यूट दिख रही हैं। पहली तस्वीर में श्रद्धा अपने डॉगी को गोद में लिए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में श्रद्धा आम का मजा लेती नजर आ रही हैं। तीसरा एक वीडियो है, जो एक ऑटो का है, जिसमें श्रद्धा का डॉगी दिख रहा है। लास्ट वीडियो एक ब्लैक डॉगी का है, जिसे श्रद्धा खिलाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्रद्धा की कलाई पर एक टैटू जरूर नजर आ रहा है।

# कौन हैं विंबलडन में अपना पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल खेलने वाली अमांडा अनिसिमोवा? मेंटल हेल्थ के लिए टेनिस छोड़ दिया था



एजेंसी ● नई दिल्ली

अमांडा अनिसिमोवा के लिए विंबलडन 2025 एक सुनहरे सपने जैसा रहा है। 23 साल की अमेरिकी स्टार ने विंबलडन में फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका को तीन सेटों में हराया। यह मैच गुरुवार, 10 जुलाई को सेंटर कोर्ट पर हुआ। इस बड़े उलटफेर ने सबको हैरान कर दिया।

लेकिन दो साल पहले, अनिसिमोवा के लिए चीजें बहुत अलग थीं। मई 2023 में, उन्होंने अपनी मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए टेनिस से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक ले लिया था। उन्होंने कई महीनों तक अपना रैकेट नहीं उठाया। इस ब्रेक की वजह से वह हळ्अ रैंकिंग में टॉप 400 से भी बाहर हो गईं थीं। हळ्अ का मतलब है महिला टेनिस एसोसिएशन।सबालेंका को हराने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनिसिमोवा ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह हर किसी के लिए अलग होता है। यह दिखाता है कि यह संभव है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही खास संदेश है जो मैं दिखा पाई हूं। जब मैंने ब्रेक लिया, तो बहुत से लोगों ने मुझसे कहा 'अगर तुम इतना समय खेल से दूर रहोगी तो तुम फिर कभी टॉप पर नहीं पहुंच पाओगी।' यह पचाना थोड़ा मुश्किल था।'अनिसिमोवा ने आगे कहा, 'क्योंकि मैं वापस आना चाहती थी और अभी भी बहुत कुछ हासिल करना चाहती थी और एक दिन ग्रैंड स्लैम जीतना चाहती थी। सिर्फ मैं यह साबित करने में सक्षम हूं कि अगर आप खुद को प्राथमिकता देते हैं तो आप वापस टॉप पर पहुंच सकते हैं.. यह मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से खास रहा है। यह बहुत मायने रखता है।'

अनिसिमोवा पहली बार 2019 में सुर्खियों में आई थीं, जब वह फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। तब वह सिर्फ 17 साल की थीं। उन्होंने आर्यना सबालेंका और वर्ल्ड नंबर 3 सिमोना हालेप को हराकर एक दशक से भी ज्यादा समय में रोलैंड गैरो में सबसे कम उम्र की सेमीफाइनल खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया था। रोलैंड गैरो फ्रेंच ओपन का दूसरा नाम है। बता दें कि अनिसिमोवा न्यू जर्सी में जन्मी थीं और फ्लोरिडा में पली-बढ़ी थीं। यह उनका पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल होने वाला है।अनिसिमोवा की कहानी प्रेरणादायक है। यह दिखाती है कि मुश्किल समय में भी हार नहीं माननी चाहिए। अगर आप खुद पर विश्वास रखते हैं और मेहनत करते हैं, तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। उनका ब्रेक लेना और फिर वापसी करना, यह साबित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य कितना जरूरी है। खेल में ही नहीं, जीवन में भी मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। अनिसिमोवा ने यह भी दिखाया कि अगर आप खुद को समय देते हैं, तो आप अपनी कमियों को दूर कर सकते हैं और और भी मजबूत बन सकते हैं। अब देखना यह है कि वह विंबलडन फाइनल में कैसा प्रदर्शन करती हैं।

### खुला चैलेंज दिया, जमीन पर रख दी गेंद

# रविंद्र जडेजा के सामने दूसरा रन लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाए जो रूट

एजेंसी ● लंदन




भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट 99 रन बनाकर नाबाद थे। उन्हें शतक पूरा करने के लिए सिर्फ एक रन चाहिए। गुरुवार को स्टंप होने से पहले आखिरी ओवर में लॉर्ड्स के मैदान पर रविंद्र जडेजा और जो रूट के बीच मस्ती देखने को मिली। 83वां ओवर दिन का आखिरी ओवर था। भारत की तरफ आकाश दीप ने यह ओवर डाला था।

लॉर्ड्स टेस्ट में स्टंप से आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर जो रूट स्ट्राइक पर थे। वह 98 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने आकाश दीप की गेंद को डीप पॉइंट की तरफ खेला, जहां रविंद्र जडेजा फील्डिंग कर रहे थे। रूट को लगा कि वह दो रन लेकर सकते हैं। पहला रन पूरा करने के बाद बाद दूसरे रन के लिए भी निकल गए लेकिन तब तक जडेजा ने गेंद उठा ली। तभी जडेजा ने रूट के साथ मस्ती शुरू कर दी। वह रूट को रन भागने के लिए हाथ से इशारा करने लगे। इसके बाद गेंद को भी जमीन पर गिरा दिया।इस दौरान रूट क्रीज से आगे निकले लेकिन उन्हें पता था कि रविंद्र जडेजा क्या करना चाह रहे। रूट मुस्कराए और समझदारी से वापस क्रीज के अंदर चले गए। जडेजा ने भी मुस्कुराकर जवाब दिया। भीड़ ने इस मजेदार पल का आनंद लिया।जो रूट कुल मिलाकर टेस्ट इतिहास के 18वें और इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज हैं, जो स्टंप के समय 99 रन पर नाबाद रहे। इससे पहले के 17 बल्लेबाजों ने शतक पूरा किया है। मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने सीरीज के इस तीसरे टेस्ट में पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 251 रन बना लिए। जो रूट इस पारी के स्टार रहे। उन्होंने 191 गेंदों बैजबॉल से हटकर पारंपरिक टेस्ट पारी खेली।

# गौतम गंभीर महत्वपूर्ण नहीं... टीम इंडिया के हेड कोच ने चेतेश्वर पुजा-रा से कह दी भावुक करने वाली बात


एजेंसी ● लंदन



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपने कोचिंग के दृष्टिकोण पर खुलकर बात की है, जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के महत्व और ड्रेसिंग रूम के माहौल पर सभी की राय को महत्व देने पर जोर दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों के तीसरे टेस्ट के पहले दिन पूर्व टीम साथी और अब कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे चेतेश्वर पुजारा से गौतम गंभीर ने बात की। गंभीर ने कहा- शायद यह पहली बार है कि तीनों विभागों में बदलाव हो रहा है। मेरे लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट अपने देश में सबसे महत्वपूर्ण प्रारूप है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस टीम और उनके लिए हर दिन बढ़ने, सीखने और प्रतिस्पर्धा करने के बारे में है। गंभीर ने कहा- यह हर दिन लड़ने के बारे में है। और यह हर दिन तिरंगे का प्रतिनिधित्व करने के बारे में है। गौतम गंभीर महत्वपूर्ण नहीं हैं। भारतीय क्रिकेट महत्वपूर्ण है। उस ड्रेसिंग रूम की संस्कृति के बारे में राय रखने का अधिकार सभी को है। और मेरे लिए हर राय मायने रखेगी।परिवार के बारे में बोलते हुए गंभीर ने पहले टेस्ट से पहले अपनी बीमार मां के साथ रहने के लिए भारत वापस उड़ान भरी थी। विश्व कप विजेता बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने कहा- देखिए, परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए हैं। मेरे लिए मुझे लगता है कि हर दिन एक स्विच-ऑन मोमेंट है।

गंभीर ने सफेद गेंद के क्रिकेट में एक सफल कोच के रूप में अपना नाम बनाया है। उन्होंने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीती है और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एक युवा टी20आई टीम की निगरानी की है। हालांकि, टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अब तक बहुत अच्छा नहीं रहा है।उनकी कोचिंग में भारत ने पिछले साल न्यूजीलैंड से अपनी पहली घरेलू श्रृंखला 0-3 से गंवाई थी, जो 12 साल में घर पर पहली हार थी और एक दशक के बाद ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 1-3 से गंवा दी थी। इन हार के कारण भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में लगातार तीसरी बार पहुंचने से चूक गया। उनके कोचिंग में भारत ने अब तक 12 टेस्ट मैचों में से केवल चार जीते हैं, सात हारे हैं और एक ड्रॉ रहा है।



लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल महिला एकल मैच में रूस की मीरा एंड्रीवा को हराने के बाद स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक जश्न मनाती हुई।

# बैजबॉल की टीम इंडिया ने निकाली हवा, लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड ने बनाया रेंगने का रिकॉर्ड

एजेंसी ● लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में 10 जुलाई से खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। मैच से पहले पिच को लेकर काफी बात हो रही थी। ऐसा कहा जा रहा था कि यह पिच काफी उछाल देगी और गेंदबाजों को इससे मदद मिलेगी। यह पिच लीड्स और एजबेस्टन से अलग होगी। लेकिन, पहले दिन के खेल के बाद ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है।

पहले दिन गेंदबाजों को मदद जरूर मिली, लेकिन उतनी नहीं मिली जितनी इससे उम्मीद लगाई जा रही थी। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पहला दिन खत्म होने तक बल्लेबाजी की। हालांकि, इंग्लैंड और 'बैजबॉल' के नाम एक अजीबोगरीब रिकॉर्ड भी दर्ज हुआ है।2022 से इंग्लैंड की टीम में बैजबॉल ऐरा ब्रेंडन मैकुलम के आने के बाद शुरू हुआ था। मैकुलम के आने के बाद इंग्लैंड का खेलने का तरीका पूरी तरह से बदल गया था। वे टेस्ट में सिर्फ एग्रेसिव क्रिकेट खेलते थे। ऐसे में अब भारत के खिलाफ उन्होंने एक अजीबोगरीब रिकॉर्ड बनाया है। बैजबॉल ऐरा में ऐसा पहली बार हुआ है जब इंग्लैंड की टीम ऑल आउट नहीं हुई हो और सिर्फ 4 विकेट पर 251 रन बनाए हैं। यह सबसे कम पहले दिन का स्कोर रहा है।




इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान जो रूट लॉर्ड्स टेस्ट में अच्छे टच में नजर आए। वह पहले दिन खत्म होने तक 99 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। रूट ने अब तक अपनी पारी में 9 चौके जड़े हैं। वहीं बेन स्टोक्स भी 39 रन बनाकर नॉट आउट खेल रहे हैं। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे ओली पोप 44 रन बनाकर आउट हो गए थे। भारतीय टीम दूसरे दिन जल्द से जल्द इंग्लैंड को आउट करना चाहेगी।

# रिकॉर्ड टूटने के लिए... मुल्डर से ब्रायन लारा ने की बात, पारी घोषित करने पर जो कहा वो दिल जीत लेगा

एजेंसी ● नई दिल्ली



दक्षिण अफ्रीका के जिम्बाब्वे टेस्ट के लिए कप्तान वियान मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक एक बड़ा मौका बनाया था। वे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक पारी में 400 रन बनाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन सकते थे। उनके पास ब्रायन लारा के टेस्ट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने का भी मौका था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने 367 रन पर नाबाद रहते हुए पारी घोषित कर दी।

626/5 के स्कोर पर पारी घोषित करने के फैसले से कई क्रिकेट फैंस और क्रिकेट पंडितों की अलग-अलग राय थी। कुछ लोग चाहते थे कि मुल्डर रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करें, तो कुछ को लगा कि उन्होंने सही फैसला लिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरा टेस्ट खत्म होने के बाद, वियान मुल्डर ने बताया कि उन्होंने ब्रायन लारा से बात की थी। वेस्ट इंडीज के पूर्व कप्तान लारा ने उनसे कहा कि उन्हें बुलावायो में रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करनी चाहिए थी।वियान मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट को बताया, 'अब जब चीजें थोड़ी शांत हो गई हैं, तो मैंने ब्रायन लारा से थोड़ी बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी खुद की पहचान बना रहा हूं और मुझे इसके लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और वे चाहते हैं कि अगर मैं कभी भी उस स्थिति में दोबारा आऊं, तो मैं वास्तव में उनसे ज्यादा रन बनाऊं।' इसका मतलब है कि लारा चाहते थे कि मुल्डर उनका रिकॉर्ड तोड़ दें।

मुल्डर ने आगे कहा, 'यह उनकी तरफ से एक दिलचस्प राय थी, लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि मैंने सही काम किया और खेल का सम्मान करना मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।'पहले, पारी घोषित करने के बाद, मुल्डर ने कहा था कि ब्रायन लारा, खेल के एक महान खिलाड़ी हैं और वे इस रिकॉर्ड को रखने के हकदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच से बात की और उन्हें बताया कि उन्हें पारी कैसे घोषित करनी चाहिए और लारा को रिकॉर्ड रखने देना चाहिए।

मुल्डर ने अपनी पारी से रचा था इतिहास

अपनी 367 रनों की नाबाद पारी के दौरान, वियान मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर बनाया। वे टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट को तीन दिनों के अंदर एक पारी और 236 रनों से जीत लिया। इस जीत में मुल्डर की पारी का बड़ा योगदान रहा।

# ऋषभ पंत की चोट पर बीसीसीआई की तरफ से अपडेट आया, क्या दूसरे दिन संभालेंगे कीपिंग की जिम्मेदारी?

**लंदन:** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन चोटिल हो गए। पंत इस सीरीज में विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे हैं। चार पारियों में उनके बल्ले से दो शतक के साथ एक फिफ्टी निकल चुकी है। वह तब चोटिल हुए जब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की एक गेंद लेग साइड की ओर फिसल थी और पंत उसे रोकने की कोशिश कर रहे थे। गेंद उनकी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर लगी।

## पंत की जगह जुरेल ने संभाली कीपिंग

ऋषभ पंत को तुरंत फिजियो ने मैदान पर आकर चेक किया। यह घटना 34वें ओवर की दूसरी गेंद पर हुई। उनकी चोट शुरूआत में मामूली लग रही थी, लेकिन इलाज के बाद पंत ने विकेटकीपिंग भी शुरू कर दी लेकिन उन्हें परेशानी हो रही थी। 34वां ओवर खत्म होने के बाद पंत ने मैदान से बाहर जोने का फैसला किया। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने पूरे दिन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। वह प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हैं लेकिन सब्स्टिट्यूट फील्डर के रूप में उतरे।बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत के चोट पर अपडेट दिया। हालांकि बोर्ड की तरफ से ज्यादा जानकारी नहीं दी गई। बीसीसीआई ने अपने अकाउंट पर लिखा- टीम इंडिया के उपकप्तान ऋषभ पंत को उनकी बाईं हाथ की तर्जनी उंगली पर गेंद लगी है। वह इस समय इलाज प्राप्त कर रहे हैं और मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग कर रहे हैं।'स्टंप के बाद टीम इंडिया के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे। वहां उनसे ऋषभ पंत की चोट के बारे में सवाल किया गया। इसके जवाब में रेड्डी ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं अभी-अभी मैदान से आया हूं और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुझे अभी तक कुछ सुनने को नहीं मिला है, लेकिन हमें शायद कल सुबह तक और जानकारी मिल जाएगी।'

## भागो बुल आया...



स्पेन के पम्पलोना में सैन फर्मिन उत्सव के दौरान 'रनिंग ऑफ द बुल्स' (बैल दौड़) में लोग जांडिला नस्ल के लड़ाकू बैलों के साथ दौड़ते हैं। उत्सव शुरु हो चुका है और यहां घायल होना आम बात है। स्पेन में इन दिनों टूरिस्ट भी बढ़ जाते हैं।

### तीन हफ्ते में जवाब मांगा

# कर्नाटक हाईकोर्ट का कन्नड़ अनिवार्य करने पर केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस

**एजेंसी** | बेंगलुरु



कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के CBSC और CISCE स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका (PIL) दायर हुई थी।


कार्यवाहक चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी की बेंच ने शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी सरकार ने मामले में कोई आपत्ति दाखिल दाखिल नहीं की है। इस पर बेंच ने कहा कि अपनी मशीनरी तैयार करें, वरना हम अंतरिम राहत देने पर विचार करेंगे। याचिका में कन्नड़ लैंग्वेज लर्निंग एक्ट-2015, कन्नड़ लैंग्वेज लर्निंग रूल- 2017 और कर्नाटक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट रूल-2022 को चुनौती दी गई है।

**पसंद की भाषा चुनने से रोकते हैं कानून**

याचिका में कहा गया है कि तीनों कानून स्टूडेंट्स को अपनी पसंद की तीन भाषाएं चुनने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। इससे उनके रिजल्ट और भविष्य में रोजगार के अवसरों पर खराब असर पड़ सकता है। साथ ही अन्य भाषाएं पढ़ाने वाले टीचरों की आजीविका भी खतरा में पड़ सकती है।

याचिका में हाईकोर्ट के पिछले आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें डिग्री कोर्सेज में कन्नड़ अनिवार्य करने संबंधी आदेश पर रोक लगाई गई थी। यह भी साफ किया गया है कि याचिकाकर्ता कन्नड़ पढ़ाए जाने का विरोध नहीं करते, बल्कि अनिवार्य करने पर आपत्ति जताते हैं। कुछ दिन पहले बेंगलुरु में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मैनेजर और कस्टमर के बीच कन्नड़ बोलने को लेकर विवाद हो गया था। इसका का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। 1 मिनट 23 सेकेंड के वीडियो में मैनेजर को बोलते सुना जा रहा है कि 'ये भारत है, हिंदी मेरी राष्ट्रभाषा है, मैं तो हिंदी में ही बोलूंगी।' वहीं, कस्टमर उन्हें बार-बार कन्नड़ बोलने को मजबूर करता है। वो बोल रहे हैं- 'पहले कन्नड़ फिर देश।' मामले में कन्नड़ संगठनों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इसके बाद ब्रांच मैनेजर का ट्रांसफर कर दिया गया था।

# तिब्बत में ग्लेशियर झील टूटने से नेपाल में तबाही



**काठमांडू** ▪ एजेंसी

नेपाल के भोटे कोशी नदी में इस सप्ताह आई भयानक बाढ़ में 9 लोगों की मौत हुई, 30 से ज्यादा लोग लापता हैं, जिनमें बीजिंग द्वारा सहायता प्राप्त इनलैंड कंटेनर डिपो (ICD) के 6 चीनी कार्यकर्ता भी शामिल हैं। इस बाढ़ ने नेपाल और चीन को जोड़ने वाले 'फ्रेंडशिप ब्रिज' को भी बहा दिया।

तिब्बत क्षेत्र (चीन) में एक सुपरग्लेशियर झील के टूटने की वजह से ये बाढ आई थी। इसके कारण नेपाल में कम से कम 19 लोग और चीनी हिस्से में 11 लोग लापता हैं। काठमांडू स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट ने कहा कि उपग्रह तस्वीरों से पता चला है कि बाढ़ नेपाल के लंगटांग हिमाल रेंज के उत्तर में स्थित एक झील के खाली होने से शुरू हुई।

यह उपलब्ध उपग्रह तस्वीरों पर आधारित प्रारंभिक विश्लेषण पर आधारित है। सुपरग्लेशियर झील ग्लेशियर की सतह पर, विशेष रूप से मलबे से ढके क्षेत्रों में बनती है। यह अक्सर छोटे पिघलने वाले पानी के तालाबों के रूप में शुरू होती है, जो धीरे-धीरे फैलते हैं और कभी-कभी मिलकर एक बड़ी सुपरग्लेशियर झील बन जाती है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बोले एनएसए अजीत डोभाल कहा- पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने उड़ाए

# एक फोटो दिखाएं जिसमें भारत का नुकसान दिखे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित डोभाल ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा कि कई विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाए। भारत को नुकसान की खबरें चलाईं। उन्होंने कहा कि विदेश मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। डोभाल ने यह बात शुक्रवार को IIT मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कही। NSA ने कहा वे कहते रहे कि पाकिस्तान ने ये किया, वो किया लेकिन मुझे एक फोटो दिखाइए जिसमें भारत का नुकसान नजर आए। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो। हमसे कोई चूक नहीं हुई। हम उस पॉइंट तक सटीक थे जहां हमें पता था कि कौन कहां है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। इस दौरान सेना ने 100 आतंकी मार गिराए थे। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।



**ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है**

NSA ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पर हमें नाज डोभाल ने कहा, 'टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।' उन्होंने कहा, आप एक ऐसे देश, एक ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार सालों से संकटग्रस्त और लहूलुहान रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है। मुझे नहीं पता कि राष्ट्र की इस धारणा को जिंदा रखने के लिए उन्होंने कितना अपमान और तकलीफ सही होगी। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत एक राष्ट्र के रुप में हजारों सालों से अस्तित्व में है।

### हमलावरों ने बस रोककर किडनैप किया

# बलूचिस्तान में बस पर हमले में 9 की मौत, पहचान के बाद गोली मारी



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार देर रात क्वेटा से लाहौर जा रही एक यात्री बस को हथियारबंद लोगों ने रोककर 9 यात्रियों को अगवा किया और उन्हें गोलियों से भून दिया। यह घटना नॉर्थ बलूचिस्तान के सर धक्का इलाके में झोब के पास हुई, जो लंबे समय से चरमपंथियों की गतिविधियों का केंद्र रहा है।

झोब के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन आलम के मुताबिक, हमलावरों ने बस से यात्रियों को उतारा, पहचान की और फिर 9 लोगों को गोली मार दी।आलम ने बताया कि ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं। हत्या का तरीका बताता है कि हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे और टारगेटेड किलिंग कर रहे थे। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है।

सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा यह सिर्फ एक हमला नहीं, निर्दोष पाकिस्तानियों की क्रूर हत्या है। यह फितना अल-हिंदुस्तान की बर्बर सोच का नतीजा है। रिंद ने बताया कि मास्तुंग, कालात और सरदगाई में भी फितना अल-हिंदुस्तान से जुड़े आतंकियों ने हमले किए, लेकिन वहां सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभाल लिया। झोब में हमला अंधेरे का फायदा उठाकर किया गया, जिससे हमलावर बच निकले।

# मृतकों की संख्या 19 हुई, दो लोग अभी भी लापता

**वडोदरा** । गुजरात के वडोदरा में गंभीरा ब्रिज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है, जबकि हादसे में घायल चार लोगों अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि इस हादसे में कई गाड़ियां और दो लोग अभी भी लापता हैं, जिनका पता लगने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं, गुजरात के मंत्री ऋषिकेश पटेल दुर्घटना स्थल का दौरा करने पहुंचे हैं। प्रशासन ने गंभीरा ब्रिज हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को एसएसजी अस्पताल में इलाज के दौरान 45 वर्षीय नरेंद्र सिंह परमार की मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। इस हादसे में महिसागर नदी में गिरी कई गाड़ियों के साथ दो लोग अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। शुक्रवार को वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा, परसों हमने 12 शव बरामद किए थे और कल हमने 6 शव बरामद किए हैं। 5 लोग हमें पहले दिन ही मिल गए थे, उन सबकी हालत स्थिर है। शेष शव एक स्लैब के नीचे फंसे हुए हैं और उन्हें हम निकालने का प्रयास कर रहे हैं। एक ट्रक भी फंसा हुआ है और उसका ड्राइवर लापता है, उसकी तलाश जारी है ।

साहित्य पन्ना

आप भी अपनी रचनाएं, लेख, आलेख, विचार हमें लिख कर भेज सकते हैं...

दैनिक आदित्य भारत !! श्रीकृष्ण शरणंमम!! सदैव सत्य के साथ...

रायपुर,इंदौर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

आपके विचार लेख हमारी संपादकीय टीम को उचित लगता है तो जरूर प्रकाशित किया जाएगा...

mail id : editor@adityabharat.com

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)